नई दिल्ली
शनिवार, 2 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 109
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## जुलाई में जीएसटी कलेक्शन में इजाफा

## 7.5% बढ़कर 1.96 लाख करोड़ पहुंचा




**नई दिल्ली।** सरकार ने जुलाई में हुए जीएसटी के आंकड़े जारी कर दिए हैं। 1 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.5 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी को दिखाता है। यह कलेक्शन लगातार सातवें महीने 1.8 लाख करोड़ रुपए से ऊपर रहा, लेकिन ▸▸ शेष पेज 7 पर

### अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी


# उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को, नतीजा भी उसी दिन

### *भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद खाली हुए उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव का ऐलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने बताया कि उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को चुनाव कराया जाएगा।

अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी, जबकि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। नतीजे मतदान के दिन यानी 9 सितंबर को ही घोषित किए जाएंगे। जगदीप धनखड़ के 22 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार भारत के उपराष्ट्रपति ▸▸ शेष पेज 7 पर



### नए उपराष्ट्रपति के पास पूरे पांच साल का कार्यकाल

धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि, धनखड़ ने अपने पांच साल के कार्यकाल के केवल दो साल के भीतर इस्तीफा दिया, फिर भी उनके उत्तराधिकारी को पूरा पांच साल का कार्यकाल मिलेगा, न कि शेष बचा हुआ समय।

#### ऐसा है दोनों सदनों का गणित

आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बढ़त हासिल है। 543 सदस्यीय लोकसभा में पश्चिम बंगाल के बशीरहाट की एक सीट रिक्त है, जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच रिक्तियां हैं। राज्यसभा की पांच रिक्तियों में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक पंजाब से है। पंजाब की यह सीट पिछले महीने हुए उपचुनाव में राज्य विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। दोनों सदनों की प्रभावी सदस्य संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

#### राजनीतिक दलों का गणित


*लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 542 सदस्यों में से 293 का समर्थन प्राप्त है। सत्तारूढ़ गठबंधन को राज्यसभा में 129 सदस्यों (प्रभावी सदस्य संख्या 240) का समर्थन प्राप्त है, बशर्ते कि मनोनीत सदस्य राजग उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करें। सत्तारूढ़ गठबंधन को कुल 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। संविधान के अनुच्छेद 66 (1) में प्रावधान है कि उपराष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होगा तथा ऐसे चुनाव में मतदान गुप्त मतदान द्वारा होगा। इस प्रणाली में मतदाता को उम्मीदवारों के नाम के सामने अपनी प्राथमिकताएं अंकित करनी होती हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप


### पीएम आज वाराणसी को देंगे कई सौगात

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा पर रहेंगे। इस दौरान वह सेवापुरी के कालिका धाम में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरे पर पीएम मोदी काशी वासियों को करीब 2200 करोड़ रुपये की सौगात भी देंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।



### मसूरी जाने के लिए अब कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने क्वीस ऑफ हील्स यानी मसूरी आने वाले पर्यटकों के लिए नया नियम लागू कर दिया है। पर्यटन विभाग ने मसूरी में बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए पर्यटकों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया है। ये नया नियम 30 जुलाई से लागू हो गया है। तीन जगहों पर ऑटोमेटेड नंबर प्लेट रिकॉग्निशन कैमरे लगाए गए हैं।



### प्रज्वल रेवन्ना दुष्कर्म मामले में दोषी करार

**मैसूर।** कर्नाटक के मैसूर स्थित केआर नगर की एक घरेलू सहायिका की ओर से दर्ज कराए गए दुष्कर्म के मामले में जन प्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को दोषी ठहराया। मामला दर्ज होने के 14 महीने बाद ही यह फैसला सुनाया गया। उन्हें चार यौन शोषण और दुष्कर्म के मामलों में से एक में दोषी ठहराया गया है।



### ट्रंप के 25 फीसदी टैरिफ और रूस से संबंधों पर की गई टिप्पणी पर भारत की दो टूक

# अमेरिका संग साझेदारी में किया कई बदलावों और चुनौतियों का सामना

भारत द्वारा पाकिस्तान से एक दिन तेल खरीदने के ट्रंप के बयान पर भारत ने साधी चुप्पी

- रूस से संबंधों में कोई तनाव नहीं, वो एक स्थिर और समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला साझेदार है
- यह जानकारी शुक्रवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

घड़ी-घड़ी बदलते ट्रंप के बोल...अब 1 नहीं 7 अगस्त से लागू होनी वाली अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 25 फीसदी पारस्परिक टैरिफ और रूस से जारी तेल, हथियारों की खरीद पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने की धमकी के बीच शुक्रवार को भारत ने मामले पर बड़े ही स्पष्ट अंदाज में मजबूती के साथ अपना पक्ष सबके सामने रखा। जिसमें अमेरिका के साथ साझेदारी में कई बदलावों और चुनौतियों का सामना करने का जिक्र किया गया। तो वहीं रूस को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति को ये बता दिया गया कि भारत और रूस के संबंधों में तनाव जैसी कोई बात नहीं है। वह (रूस) भारत का एक स्थिर और समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला साझेदार ▸▸ शेष पेज 7 पर



#### ट्रंप के टैरिफ तांडव का नया सार

*गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने हाल ही में कहा था कि भारत और रूस के बीच रिश्तों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। दोनों चाहें तो अपनी मरी हुई अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लेकर गर्त में जा सकते हैं। भारत रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदता है। जो यूक्रेन युद्ध के समय पर उचित नहीं है। उन्होंने भारत द्वारा अमेरिका पर लगाए जाने वाले सर्वाधिक टैरिफ पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इससे अमेरिका के व्यापार में कमी आई है। इसके बाद बीते गुरुवार देर रात ट्रंप ने व्हाइट हाउस से अपने हस्ताक्षर के साथ सूचीबद्ध एक कार्यकारी आदेश (एग्जीक्यूटिव ऑर्डर) जारी किया और उसमें 7 अगस्त से दुनियाभर के देशों से नई दरों के साथ टैरिफ वसूलने की घोषणा की। जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत में उथल-पुथल मच गई। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब अपने नियम खुद तय करेगा। फिर चाहे दुनिया इसके लिए तैयार हो या नहीं। टैरिफ की यह दरें दुनिया के 69 देशों और यूरोपीय संघ (ईयू) पर लागू होंगी। बाकी देशों के लिए 10 फीसदी की आधार सीमा तय की गई है। पूरे घटनाक्रम के बीच कुछ देशों ने ट्रंप की इस चेतावनी को स्वीकारते हुए अमेरिका के साथ समझौता कर लिया है। जबकि भारत और ब्राजील जैसे ब्रिक्स समूह के देश फिलहाल अमेरिका के सामने झुकते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी बीते दिनों लोकसभा में मामले पर भारत की स्थिति को साफ किया और कहा कि देश के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के प्रभावों का आकलन जारी है।*

#### साझा हितों पर टिकी भारत-अमेरिका साझेदारी

*जायसवाल ने ये भी कहा कि भारत और अमेरिका की साझेदारी ने कई बदलावों, चुनौतियों का सामना किया है। हमारी रक्षा और सुरक्षा भागीदारी काफी मजबूत है। हालिया समय में इसमें और अधिक मजबूती आई है, दोनों देशों ने 21वीं सदी के लिए इंडिया-यूएस कॉम्पैक्ट साझेदारी बनाई है। लेकिन भारत को ये विश्वास है कि हमारे संबंध लगातार आगे बढ़ते रहेंगे। दोनों देशों के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। जिसका आधार साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों से लोगों के बीच मजबूत संबंधों की नींव पर टिका हुआ है। हम इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध लगातार आगे बढ़ते रहेंगे। दोनों देश उस ठोस एजेंडे पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। व्हाइट हाउस के बयान पर उन्होंने कहा, इस पर उनसे ही पूछा जाए, ज्यादा बेहतर होगा। उन्होंने ट्रंप द्वारा लगातार दोहराए जा रहे भारत-पाकिस्तान विवाद के बीच संघर्षविराम के दावे को लेकर कहा कि भारत युद्धविराम पर अमेरिका के सामने सार्वजनिक रूप से अपनी स्थिति को स्पष्ट कर चुका है।*

#### हर देश के साथ हमारा संबंध अलग है

*मंत्रालय के प्रवक्ता ने रूस के संबंध में कहा कि दुनिया के अलग-अलग देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध अपनी शर्तों के तहत तय किए गए हैं। इसमें उस देश की योग्यता भी शामिल है। ऐसे में संबंधों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। देश की रक्षा जरूरतों का जहां तक सवाल है तो उनकी पूर्ति शत-प्रतिशत हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकताओं और रणनीतिक विश्लेषण से निर्धारित होती है। ईरान से व्यापार करने वाली भारतीय कंपनियों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के प्रश्न के जवाब में रणधीर ने कहा कि हमने प्रतिबंधों पर ध्यान दिया है। मामले पर विचार जारी है। इसके अलावा भारतीय तेल कंपनियों द्वारा रूसी तेल की आपूर्ति बंद किए जाने वाले एक अन्य प्रश्न के जवाब में उन्होंने भारत के तेल खरीद से जुड़े राष्ट्रीय दृष्टिकोण को साफ करते हुए कहा कि इसके बारे में हालांकि सभी अवगत हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि मामले को लेकर भारत बाजार में मौजूद संसाधनों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई स्थिति पर नजर रखते हुए उसके आधार पर निर्णय करता है। तेल आपूर्ति बंद किए जाने के विषय में उन्होंने जानकारी होने से इंकार किया है।*

### विमानों को भारत को देने की राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा के बीच भारत का सीधा जवाब

## अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमानों की खरीद को लेकर नहीं हुई कोई बातचीत

- सूत्रों ने कहा, देश के लिए मुफीद नहीं एफ-35 की खरीद का ये रक्षा सौदा, रूसी सु-57 पर भी संदेह बरकरार



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान और चीन की सीमाओं से दो मोर्चों पर एक साथ मिलती युद्ध की चुनौती और भारतीय वायुसेना के युद्धक जखीरे से लगातार घटते जा रहे लड़ाकू विमानों की गंभीर समस्या के बीच शुक्रवार को भारत का एक आधिकारिक जवाब सामने आया है। जिसमें कहीं और नहीं बल्कि संसद में यह कहा गया है कि भारत-अमेरिका के बीच अब तक पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 स्टेल्थ लड़ाकू विमानों की बिक्री को लेकर औपचारिक रूप से कोई बातचीत नहीं हुई है।

यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के जवाब में दी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमान की बिक्री को लेकर भारत और अमेरिका के बीच कोई आधिकारिक संवाद नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि इस साल फरवरी महीने में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एफ-35 लड़ाकू विमानों की बिक्री को लेकर इच्छा जताई थी। ▸▸ शेष पेज 7 पर

#### भारत को नहीं चाहिए एफ-35, सु-57?

*उधर, सूत्रों ने कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारत के लिए न तो अमेरिकी स्टेल्थ लड़ाकू विमान एफ-35 फायदे का सौदा होगा और न ही रूस का सु-57 लड़ाकू विमान। अमेरिकी विमान कीमत के नजरिए से काफी महंगा है। जिसकी खरीद होने पर भारत को अपने सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े पैमाने पर बदलाव करना पड़ेगा, इसके ठिकाने यानी बेस अलग होंगे। कंप्यूटर व विमान पर नियंत्रण से जुड़ी अन्य सिस्टम अलग होंगे। सौदे में तकनीक हस्तांतरण की गुंजाइश बेहद कम है। ऐसे में इस दिशा में आगे बढ़ना किसी भी नजरिए से फायदेमंद साबित नहीं होगा। इसके अलावा अमेरिका द्वारा किसी अन्य देश को दिए जाने वाले अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों में प्रयोग की जाने वाली किल बटन तकनीक भी भारत के लिए इसे लेकर बनी हुई बड़ी अरुचि में शामिल है। किल बटन में विक्रेता देश विमान की तमाम गतिविधियों (हमलावर, निगरानी मिशन के दौरान विमान के टेकऑफ, लैंडिंग को लेकर रुख शामिल) को अपने मनमाफिक नियंत्रित करता है। जबकि दूसरी ओर रूस का सु-57 लड़ाकू विमान के पांचवीं पीढ़ी का और स्टेल्थ होने में संदेह बना हुआ है। साथ ही ये काफी शोर करता है और केवल डॉग फाइट के लिए ही उचित है। इस हिसाब से भारत अन्य विकल्पों (फ्रांस से विमानों की खरीद) जैसे स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास (एम्का) और अन्य देशों से इनकी खरीद पर विचार कर सकता है।*

### एटीएस के पूर्व अधिकारी महबूब मुजावर द्वारा किए गए खुलासे को लेकर गांधी परिवार और कांग्रेस पर भाजपा का तीखा हमला

## तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 'भगवा आतंकवाद' के फर्जी नैरेटिव की साजिश रची: भाजपा

- मालेगांव विस्फोट मामले पर अदालत के फैसले ने कांग्रेस द्वारा गढ़ा हुए नैरेटिव को पूरी तरह ध्वस्त किया :पात्रा



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को मालेगांव ब्लास्ट मामले की जांच में शामिल एटीएस के पूर्व अधिकारी महबूब मुजावर द्वारा किए गए खुलासे को लेकर गांधी परिवार और कांग्रेस पर तीखा हमला किया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि गांधी परिवार किसी भी तरह से सनातन को बदनाम करना चाहता था। उन्होंने कहा कि एटीएस के पूर्व अधिकारी महबूब मुजावर ने खुलासा किया है कि मालेगांव ब्लास्ट मामले की जांच के दौरान उन पर दबाव बनाया गया था ▸▸ शेष पेज 7 पर

### 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा

## शाहरुख को 'जवान' व मैसी को '12वीं फेल' के लिए मिला अवॉर्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में से एक नेशनल अवॉर्ड्स का ऐलान हुआ। नेशनल अवॉर्ड्स की ज्यूरी ने सूचना और प्रसारण विभाग के मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री डॉक्टर एल मुरुगन को इससे जुड़ी रिपोर्ट सबमिट की थी। इसके बाद जूरी ने शाम 6 बजे मीडिया के लिए रखी प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजेताओं का ऐलान किया। नेशनल अवॉर्ड पाने वालों की लिस्ट में इस साल रानी मुखर्जी,



शाहरुख खान और विक्रांत मैसी भी शामिल हैं। दोनों को अपनी फिल्मों 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' और '12वीं फेल' के लिए सराहना मिली थी। शाहरुख खान जवान के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। सान्या मल्होत्रा की फिल्म कटहल को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला।

### खारिज हुआ भारतीय मुस्लिम धर्मगुरु का दावा...

## निमिषा प्रिया की फांसी की सजा भारत के दखल से टली, बाकी दावे निराधार: रणधीर

- मामला संवेदनशील होने के साथ जटिल भी है, अफवाहों से बचें
- यह जानकारी शुक्रवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

यमन की राजधानी सना की जेल में फांसी की सजा पाई भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के मामले को लेकर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने अपनी आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि यह मामला संवेदनशील होने के साथ जटिल भी है। पिछले महीने 16 जुलाई को उन्हें होने वाली फांसी भारत के प्रयासों की वजह से फिलहाल टल गई है। वहीं, इस संबंध में श्रेय लेने (मुस्लिम धर्मगुरु कंथापुरम मुसलियार को लेकर) से जुड़ी हुई तमाम खबरें गलत और



संबंधित दावे निराधार हैं। मंत्रालय यह आग्रह करता है कि इस मामले में दुष्प्रचार या किसी भी तरह की अफवाहों से बचने की आवश्यकता है। यहां बता दें कि निमिषा प्रिया को यमन के एक नागरिक तलाल अब्दो महदी की 2017 में की गई कथित हत्या के मामले में पहले वहां की एक स्थानीय ▸▸ शेष पेज 7 पर

### राजधानी में शुक्रवार को आयोजित किए गए 84वें सशस्त्र बल मुख्यालय नागरिक सेवा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बोले राजनाथ सिंह

## ऑपरेशन सिंदूर में सैन्य के साथ-साथ नागरिक विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण: रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा 7 मई 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सैन्य कार्रवाई को कुछ दिन बाद तीन महीने पूरे हो जाएंगे। इसके बीच सरकार ने कई मौकों पर देश की सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम को सराहा है। लेकिन शुक्रवार को इससे इतर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के इस सैन्य अभियान में सैन्य के अलावा पर्दे



के पीछे से (बैक-एंड सपोर्ट) नागरिक विभागों (सिविल) द्वारा निभाई गई भूमिका को भी प्रमुखता से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में सैन्य के साथ ही देश के नागरिक विभागों का भी पूरा सहयोग रहा है। यह एक प्रकार से इस सैन्य अभियान की सफलता की कुंजी था। वर्तमान की सुरक्षा चुनौतियों के बीच असली ताकत नागरिक और सैन्य तालमेल ही है। यह जानकारी रक्षा मंत्री ने 1 अगस्त को राजधानी स्थित डीआरडीओ भवन में आयोजित किए गए 84वें सशस्त्र सेना मुख्यालय नागरिक सेवा (एएफएचक्यू) दिवस-2025 समारोह को संबोधित करते हुए दी। ▸▸ शेष पेज 7 पर

### कांग्रेस ने बुलाया कानूनविदों का महासंगम

## 'लीगल कॉन्क्लेव' में आज होगी लोकतंत्र, संविधान और संस्थागत जवाबदेही पर गहन चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विधि, मानवाधिकार और सूचना का अधिकार विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय विधिक कॉन्क्लेव का आयोजन शनिवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कॉन्क्लेव का मुख्य विषय है– 'संवैधानिक चुनौतियाँ: दृष्टिकोण और मार्ग'। कानून के जानकारों का महासंगम तब हो रहा है जब राहुल गाँधी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के बतौर एक संवैधानिक पद पर रहते हुए चुनाव आयोग जैसी दूसरे संवैधानिक संस्था के खिलाफ लगातार



हमला जारी रखा हुआ है। कॉन्क्लेव को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी संबोधित करेंगे। इनके अतिरिक्त कांग्रेस के प्रमुख नेता व पदाधिकारी प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, कोषाध्यक्ष अजय माकन, तथा कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता, पूर्व न्यायाधीश, विधिक शिक्षाविद् और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी संबोधित करेंगे। कुल 41 विशिष्ट वक्ताओं की सूची में कई राष्ट्रीय महत्व के व्यक्तित्व शामिल हैं। कॉन्क्लेव की घोषणा करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह आयोजन हमारे गणराज्य की यात्रा के एक संवेदनशील मोड़ पर हो रहा है, जहाँ संविधान की मूल भावना को पुनर्स्थापित करने की जरूरत महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, भारतीय संविधान के ▸▸ शेष पेज 7 पर

#### कॉन्क्लेव के प्रमुख सत्र का विवरण

- ▸▸ 1. उद्घाटन सत्र – मुख्य वक्ताओं का संबोधन
- ▸▸ 2. प्रथम सत्र: "सामाजिक न्याय और संविधान – समानता व बंधुत्व की अवधारणाएँ"
- ▸▸ 3. द्वितीय सत्र: "धर्म और संविधान – दिशानिर्देश व मर्यादाएं"
- ▸▸ 4. तृतीय सत्र: "शक्तियों का पृथक्करण और लोकतांत्रिक जवाबदेही – संघवाद की दिशा"
- ▸▸ 5. समापन सत्र: "संवैधानिक कम्पास: लोकतांत्रिक भारत के प्रति कांग्रेस की अटूट प्रतिबद्धता"

# खुले सीवर में गिरा बच्चा सुरक्षित बाहर निकलकर घर पहुंचा

## पुलिस, दमकल और एमसीडी की टीमें रातभर नालों में खोजती रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के रजोकरी इलाके में बारिश में खेलते समय अचानक खुले सीवर में गिरा सात साल का एक बच्चा सुरक्षित बहकर बाहर निकल गया और सकुशल घर भी पहुंच गया। उधर पुलिस, एमसीडी, दमकल विभाग और अन्य सिविक एजेंसी रातभर नालों में सर्च ऑपरेशन चलाती रही। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को गुरुवार दोपहर करीब 1:15 बजे सूचना मिली कि राजोकरी के पास एक बच्चा खुले सीवर में गिर गया है। बच्चे का पता लगाने के शुरुआती प्रयास असफल रहे, जिसके बाद पीसीआर स्टाफ ने वसंत कुंज दक्षिण थाने को सूचित किया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। इसके बाद सीवर लाइन के किनारे और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, जिसमें दो लड़के सीवर के पास दौड़ते हुए दिखाई दिए और उनमें से एक सीवर में गिरता भी नजर आया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, हालांकि बाद में दोनों बच्चों को सीवर लाइन के पास एक स्थान से भागते हुए देखा गया, जिससे पता चलता है कि लड़का किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रहा। अधिकारी ने कहा कि जिस जगह बच्चा गिरा था, उससे लगभग 20 फुट की दूरी पर सीवर खुला मिला, जिससे संभवतः वह बाहर निकल पाया होगा। हालांकि, निवासियों ने बच्चे की तुरंत पहचान नहीं की। उन्होंने बताया कि लड़के का पता लगाने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को स्थानीय सोशल मीडिया समूहों में प्रसारित किया, जिसमें राजोकरी के निवासी, आस-पास के स्कूल और निकटवर्ती पुलिस थाने भी शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को राजोकरी स्थित एमसीडी स्कूल के एक शिक्षक ने लड़के की पहचान कक्षा तीन के छात्र और राजोकरी गांव के निवासी के रूप में की। उन्होंने बताया कि जब पुलिस ने लड़के से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह अपने एक दोस्त के साथ बारिश का मजा लेने गया था। अधिकारी के मुताबिक, लड़के ने बताया कि पानी का बहाव तेज होने के कारण सीवर दिखाई नहीं दे रहा था और वह गलती से उसमें गिर गया। अधिकारी के अनुसार, लड़के ने बताया कि वह कुछ दूरी पर खुले सीवर से सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहा और घटना के बारे में किसी को बताए बिना घर लौट गया। पुलिस ने बताया कि लड़के को कोई चोट नहीं आई है और वह पूरी तरह से सुरक्षित है।

### बच्चे ने परिजनों को भी नहीं बताई घटना

बच्चे ने पुलिस को बताया कि खुले नाले के ऊपर से पानी बह रहा था। इस वजह से वह उसे देख नहीं सका और गिर गया। इसमें करीब 20 फीट दूरी तक बहने के बाद पानी के बहाव से वह किनारे पर आ गया और बाहर निकलकर घर आ गया था। बच्चे के नाले से बाहर निकलने की जगह कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था। इस वजह से पुलिस को पहले दिन बच्चे का पता नहीं चल सका। वहीं, घर जाने के बाद डांट के डर से बच्चे ने घटना के बारे में स्वजनों को भी नहीं बताया था।

## खबर संक्षेप




### ट्रक की टक्कर से एक साल के बच्चे की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में ट्रक की टक्कर से एक वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना गुरुवार की है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि सहयोग विहार से एक दुर्घटना के बारे में पीसीआर को सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि पिकअप ट्रक का चालक घायल बच्चे और उसकी मां को प्राइवेट अस्पताल ले गया है। अधिकारी ने बताया कि बच्चे को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल (डीडीयू) अस्पताल के शवगृह में भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन को जब्त कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर बिंदापुर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 (तेज गति से वाहन चलाना) और धारा 106 (लापरवाही से मौत) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम का पता लगाने और जिम्मेदारी तय करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### मंदिर से चोरी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने हाल ही में उत्तर दिल्ली के बुराड़ी इलाके के एक मंदिर से मूर्तियों और पीतल के पूजा-सामान की चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक कबाड़ कारोबारी भी शामिल है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान दलीप कुमार (38) और शकरपुर के जे. जे. कॉलोनी निवासी कबाड़ कारोबारी रहीस मलिक (47) के रूप में हुई है तथा दोनों के पास से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। बुराड़ी स्थित महाकाली शिव मंदिर में चोरी की घटना 27 जुलाई को हुई थी। पुलिस के अनुसार, पुजारी कमल शास्त्री ने बताया कि सुबह की पूजा के बाद वह मंदिर से बाहर चले गए थे और वापस लौटने पर पाया कि मंदिर से कई मूर्तियां और पूजा के लिए प्रयुक्त पीतल की सामग्री चोरी हो गई थी। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आदर्श नगर में युवक को गोली मारी, हालज नाजुक

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक युवक को गोली मार दी गई। आरोपी घायल युवक के दोस्त पर ही लगा है। घायल युवक को गंभीर हालत में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि मामूली कहासुनी के बाद युवक को उसके दोस्त ने गोली मारी है। सूत्रों के अनुसार झगड़े के बाद आरोपी ने दो राउंड गोली चलाई। गौरतलब है कि आदर्श नगर थाना एरिया कुछ दिनों से अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। पास ही जहांगीरपुरी का एरिया भी आए दिन जघन्य अपराध की घटनाओं को लेकर सुर्खियों में रहता है। जिले में कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। बढ़ते अपराध को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

### यह अभ्यास 11 जिलों के 55 स्थानों पर एक साथ किया गया

# भूकंप व औद्योगिक हादसों से निपटने की तैयारियों की जांच के लिए 'मॉक ड्रिल'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





राजधानी दिल्ली में शुक्रवार सुबह आपदा प्रबंधन को लेकर एक 'फील्ड-लेवल मॉक ड्रिल' किया गया। यह अभ्यास 11 जिलों के 55 स्थानों पर एक साथ किया गया, जिसमें कई एजेंसियों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, इस 'मॉक ड्रिल' की शुरुआत एक नकली भूकंप की स्थिति बनाकर की गई। इसके बाद औद्योगिक और परिवहन क्षेत्रों में रासायनिक रिसाव के परिदृश्य को शामिल किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय की तैयारियों की जांच करना था। अधिकारियों ने बताया कि यह अभ्यास दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक साथ किया गया। इस दौरान अग्निशमन सेवा, पुलिस और राजस्व विभाग सहित विभिन्न एजेंसियों के बड़ी संख्या में कर्मियों ने रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, मदर इंटरनेशनल स्कूल और राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल जैसे स्थानों पर बचाव एवं राहत अभ्यास में भाग लिया। आरएमएल अस्पताल में भूकंप और औद्योगिक दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन प्रतिक्रिया स्थिति की तैयारियों का अभ्यास कराया गया। मदर इंटरनेशनल स्कूल में, भूकंप के संकेत मिलने पर गैस और बिजली कनेक्शन काटने तथा बचाव का अभ्यास कराया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने भारतीय सेना तथा दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकारों के सहयोग से 'अभ्यास सुरक्षा चक्र' का आयोजन किया, जो एक 'फील्ड-लेवल मॉक ड्रिल' के साथ समाप्त हुआ। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने एक बयान में कहा कि भूकंप और औद्योगिक रासायनिक आपदा की स्थिति में दिल्ली-एनसीआर की तैयारियों की जांच के लिए आयोजित इस 'मॉक ड्रिल' के समन्वय की जिम्मेदारी उसकी प्रमुख एजेंसी के रूप में डीडीएमए निभा रहा है।

## राहुल गांधी अपनी दूरदर्शिता से सरकार को बार-बार आईना दिखा रहे हैं: कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राहुल गांधी अपनी दूरदर्शिता से मोदी सरकार को बार बार आईना दिखा रहे हैं यह कहना है करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का। यह बात उन्होंने अभी हाल ही में अमेरिका द्वारा लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ और जुर्माने के बाद कही। क्योंकि इस बात को राहुल गांधी पहले ही कह चुके है कि जब भी प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप की तरफ इशारा करेंगे, अमेरिका भारत पर सख्ती करेगा और मोदी जुबान भी नहीं खोल पाएंगे। और आज वही होता दिखाई दे रहा है। अब जैसे ही ट्रंप ने भारत को रूस से तेल व्यापार करने को मना किया, शाम होते होते भारत ने रूस से तेल लेना बंद कर दिया। आदेश भारद्वाज का कहना है कि राहुल गांधी की दूरदर्शिता और विश्लेषणात्मक क्षमता ने कई मौकों पर लोगों का ध्यान खींचा है। उनकी यह खासियत न केवल देशवासियों कों बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों को भी प्रभावित कर रही है। क्योंकि इससे पूर्व भी वह नोटबंदी से लेकर जीएसटी पर, कोविड पर, कृषि कानूनों पर, अडानी के घोटाले पर, इलेक्ट्रॉल बॉन्ड को घूस का माध्यम बताने से लेकर चीन की घुसपैठ पर भी सही साबित होते रहे हैं। राहुल गांधी ने डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा अमेरिकी राष्ट्रपति बनने की स्थिति में भारत पर टैरिफ और पाबंदियों की आशंका जताई थी। उन्होंने कहा था कि ट्रंप की नीतियां अमेरिका फर्स्ट पर आधारित हैं और वे भारत जैसे देशों पर व्यापारिक प्रतिबंध और टैरिफ बढ़ा सकते हैं। और वहीं हो भी रहा है। बावजूद इसके हमारे प्रधानमंत्री चुप हैं। भारद्वाज ने आगे कहा राहुल गांधी जी की भविष्यवाणियों के सही साबित होने के पीछे उनकी गहरी राजनीतिक और सामाजिक समझ, जनता के साथ सीधा संवाद और वैश्विक परिदृश्य पर उनकी पैनी नजर है। वह नियमित रूप से देशभर में यात्राएं करते हैं, जिसके जरिए वे आम लोगों की समस्याओं को नजदीक से समझते हैं। उनकी भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाया और उनकी विश्वसनीयता को बढ़ाया। इसके अलावा, वह वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक रुझानों पर भी गहरी नजर रखते हैं, जिसके कारण वे भविष्य के संभावित परिदृश्यों का सटीक अनुमान लगा पाते हैं। वहीं मोदी जी दो चार बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रहे हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **अमनप्रीत सिंह, निदेशक, नौनिध डाइट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, 19, तृतीय तल, वेस्ट एवेन्यू रोड, वेस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली–110026, और प्लॉट संख्या 409, सेक्टर–59, फेज–IV, एचएसआईआईडीसी, कुंडली औद्योगिक क्षेत्र, सोनीपत, हरियाणा–131028** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CC No.2808/2020 U/S. 138 NI ACT** के तहत एक मामला **थाना करोल बाग, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **अमनप्रीत सिंह** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **अमनप्रीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **CC No.2808/2020 U/S. 138 NI ACT, थाना करोल बाग, दिल्ली** के आरोपी उक्त **अमनप्रीत सिंह** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए **दिनांक 03.09.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार अरविंद तोमर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, एनआई अधिनियम–07,
मध्य जिला, कमरा संख्या 507,
एक्सटेंशन ब्लॉक, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10227/CD/2025
(अदालती मामला)

# दो शूटर गिरफ्तार, एक शूटर रह चुका है स्टेट लेवल कबड्डी प्लेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अमन विहार पुलिस ने दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हिमांशु उर्फ हेलीकॉप्टर, पूर्व राज्य स्तरीय कबड्डी खिलाड़ी है। दूसरा शूटर आदित्य उर्फ सोनू उर्फ भूखा, पूर्व में एक हत्या के मामले में शामिल रहा है। गोलीबारी की घटना में पुलिस को इनकी तलाश थी। डीसीपी रोहिणी राजीव रंजन के अनुसार एसीपी अमन विहार अजय वेदवाल के नेतृत्व वाली टीम ने हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल दो बाइक सवार शार्प-शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से एक देसी पिस्तौल, दो कारतूस और अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार यह घटना 29/30 जुलाई की रात रिपोर्ट हुई थी। बताया गया था कि मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति एक घर पर आए और मुख्य द्वार पर गोलियां चलाकर भाग गए। मौके से एक खाली कारतूस भी बरामद हुआ था। शिकायतकर्ता अंकित यादव प्लाजा केबल्स में सेल्स एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि रात लगभग 10:30 बजे जब वह और उनका परिवार घर पर आराम कर रहे थे, तभी उन्होंने गोली चलने की आवाज सुनी। बाहर निकलने पर उन्होंने दो अज्ञात हमलावरों को मोटरसाइकिल पर भागते देखा था। जांच के दौरान मोटरसाइकिल एक आरोपी के चाचा के नाम पर पंजीकृत पाई गई। आरोपियों की पहचान आदित्य उर्फ सोनू और पीछे बैठे हिमांशु उर्फ हेलीकॉप्टर के रूप में हुई। 30 जुलाई को शाम लगभग 7:00 बजे गुप्त सूचना मिली कि दोनों संदिग्ध सुखी नहर, किराड़ी से गुजरने वाले हैं। पुलिस टीम ने जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को रोककर गिरफ्तार कर लिया। कड़ी पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

## सेंधमारों से पुलिस की मुठभेड़, एक बदमाश गोली लगने से हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले के हौज खास थाना इलाके में शुक्रवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन सेंधमार दबोच लिये। इस दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने चोरी की कोशिश नाकाम करने का दावा किया है। आरोपी दिल्ली में कई सेंधमारी और चोरी की घटनाओं में पहले भी संलिप्त रहे हैं। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 1 अगस्त 2025 की तड़के हौज खास के खेल गांव के पास एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद सिकंदर (घायल व्यक्ति), दर्शन सिंह और विजेंद्र सिंह नामक एक कुख्यात अंतरराज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी के अनुसार मालवीय नगर थाने का सिपाही करतार शुक्रवार तड़के लगभग 4 बजे रात्रि गश्त पर था। इसी दौरान उसने एक मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। चुनौती दिए जाने पर संदिग्ध तेज गति से भाग निकले, जिसके बाद कई कॉलोनियों में 30 मिनट तक कांस्टेबल ने उनका पीछा किया गया। खेल गांव के नजदीक संदिग्धों को रोक लिया गया। उन्होंने कांस्टेबल करतार के सिर पर लोहे की छड़ों से हमला किया। गनीमत रही कि उनके हेलमेट ने उन्हें गंभीर चोट से बचा लिया। कांस्टेबल ने धैर्य बनाए रखा। मौखिक चेतावनी देने और हवा में एक चेतावनी गोली चलाने के बाद उन्होंने आत्मरक्षा में एक नियंत्रित गोली चलाई, जिससे एक आरोपी के पैर में चोट लग गई। इसके बाद स्थानीय गार्डों की मदद से तीनों को काबू कर लिया गया। खेल गांव के निजी सुरक्षा गार्ड अजय, जीवन, अरुण, विनय और सुब्रतो ने आरोपियों को हिरासत में लेने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में पुलिस की मदद की। इस संबंध में हौज खास थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पूछताछ के दौरान, उन्होंने खुलासा किया कि चोरी करने के लिए इलाके में रेकी कर रहे थे। सिकंदर 13 मामलों में शामिल पाया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अमन कुमार**, पुत्र मुन्ना लाल, निवासी-मकान नंबर 232, गली नंबर 6, ज्वाला नगर, विवेक विहार ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 00697/2022 धारा 411 भा.द.स, थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन कुमार** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अमन कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 00697/2022 धारा 411 भा.द.स, थाना जीटीबी एन्क्लेव, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री संघमित्रा**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01
कक्ष संख्या 54
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/9819/SHD/2025

# दिल्ली पुलिस प्रमुख एस बी के सिंह ने की स्वतंत्रता दिवस से पहले सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त एस बी के सिंह ने स्वतंत्रता दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले ही दिल्ली पुलिस के 25वें आयुक्त के रूप में पदभार संभालने वाले सिंह ने शहर में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का आकलन करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''आयुक्त ने संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बढ़ाने, गश्त बढ़ाने और निगरानी बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। बैठक में लाल किले और उसके आसपास यातायात प्रबंधन पर भी चर्चा हुई।'' इसके अलावा, शहर में कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी 15 जिलों के पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) के साथ अपराध समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। सिंह ने सभी डीसीपी को रात्रि गश्त बढ़ाने और दिल्ली भर में, खासकर पड़ोसी राज्यों की सीमा से लगे इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संदिग्ध तत्वों की आवाजाही को रोकने के लिए शहर के सभी प्रवेश बिंदुओं पर बैरिकेडिंग और आकस्मिक जांच बढ़ाई जाए। पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिया कि होटलों, अतिथि गृहों, बस टर्मिनल, रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों, मॉल और अधिक भीड़-भाड़ वाले बाजारों में कड़ी जांच की जानी चाहिए। इस संबंध में एक अन्य अधिकारी ने कहा कि आयुक्त ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को तैनात करने और उन गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के महत्व पर भी जोर दिया, जिनसे शांति भंग हो सकती है या सुरक्षा को खतरा पहुंच सकता है। पुलिस आयुक्त ने लाल किले और अन्य स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्था की भी समीक्षा की, जहां सार्वजनिक समारोहों के आयोजित होने की उम्मीद है। वर्ष 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी एस बी के सिंह ने बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हुए संजय अरोड़ा का स्थान लिया। सिंह इससे पहले दिल्ली पुलिस में कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

### नीतू दाबोदिया गिरोह से जुड़ा बदमाश विदेशी पिस्टल के साथ अरेस्ट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने नीतू दाबोदिया गिरोह से जुड़े 33 वर्षीय बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस पर माजरा डबास इलाके में दहशत फैलाने और गिरोह को दोबारा सक्रिय करने के इरादे से गोलीबारी करने का आरोप है। देवव्रत उर्फ मोहला को बृहस्पतिवार को द्वारका से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से इटली निर्मित एक पिस्टल और कारतूस बरामद किया गया। डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार देवव्रत ने बुधवार को माजरा डबास इलाके में एक घर के बाहर निजी रंजिश के चलते कई गालियां चलाई थी। इससे इलाके में दहशत फैल गई थी। इस संबंध में कंझावला थाने में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार देवव्रत पूर्व में हत्या और रंगदारी के मामलों में जेल जा चुका है और वह नीतू दाबोदिया गिरोह को फिर से सक्रिय करने की कोशिश कर रहा था। डीसीपी ने बताया कि नीतू की वर्ष 2013 में पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। बदमाश ने पूछताछ के दौरान नीतू गिरोह से अपने करीबी संबंधों की बात स्वीकार की और बताया कि वह गिरोह के प्रभाव को दोबारा स्थापित करने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने बताया कि देवव्रत 2012 में हत्या और 2013 में रंगदारी के एक-एक मामले में शाहाबाद डेयरी और कंझावला थानों में दर्ज मामलों में आरोपी रहा है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 511 दिनांक 05.07.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम-टीना।
पति का नाम - सुरेश।
पता - जगनेर रोड सम्मुख नगर नई अजीजपुर यू.पी हाल पता पेपर मील कुण्डली सोनीपत ।
उम्र-15 वर्ष
कद-
5 फुट ।
हुलिया- रंग गौरा, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, हष्ट-पुष्ट शरीर व होठ पर कट का निशान हैं।
पहनावा - हरे रगं की रगं सुट-सलवार पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 04-07-2025 को टीना पुत्री सुरेश वासी जगनेर रोड सम्मुख नगर नई अजीजपुर यू.पी हाल पता पेपर मील कुण्डली जिला सोनीपत हरियाणा बिना किसी को कुछ बताए घर से कही चली गयी हैं। अब तक घर वापिस नही आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना कुण्डली न0 - 7419410537
अनुसंधान कर्ता युध्दवीर 574 मो0 न0-8708847072
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/–अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/3703/2026/37201/88/7 दि. 01.08.2025

हरियाणा सरकार

"युवाओं को नौकरी देने का हमारा अभियान निरंतर जारी है।
भारत सरकार रोज़गार के नए अवसर
उपलब्ध कराने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है।"
- नरेन्द्र मोदी



# असरदार सरकार - सुशासन ही आधार

## ग्रुप 'डी' वर्ग के नव-नियुक्त सरकारी कर्मचारियों का

## राज्य स्तरीय सम्मेलन

2 अगस्त, 2025 | दोपहर 12 बजे | इंद्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर-5, पंचकूला

मुख्य अतिथि
**श्री नायब सिंह सैनी**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

- वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पारदर्शिता एवं मैरिट के आधार पर **लगभग 1.75 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी** दी गई
- अनुबंधित कर्मचारियों की नौकरी **सेवानिवृत्ति तक सुरक्षित**, 5 वर्ष पूरे करने वाले **अनुबंधित कर्मचारी होंगे नीति के लाभपात्र**
- HKRNL द्वारा लगभग **23 हजार युवाओं को दी नौकरियां**
- ग्रुप 'सी' व 'डी' की भर्तियों में **साक्षात्कार को किया समाप्त**
- बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं से छुटकारे के लिए **कॉमन पात्रता परीक्षा (CET) का किया प्रावधान**
- युवाओं को विदेश भेजने हेतु **ओवरसीज प्लेसमेंट सेल की स्थापना**

# आप सादर आमंत्रित हैं

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### रमेश जागलान चौथी बार प्रधान चुने गए



**फरीदाबाद।** म्युनिस्पिल कारपोरेशन एम्पलाइज फेडरेशन फरीदाबाद प्रधान पद के शुक्रवार को यहां नगर निगम मुख्यालय के प्रांगण में हुए चुनाव में रमेश कुमार जागलान को प्रधान पद पर चुन लिया गया जो कि लगातार चौथी बार प्रधान बने हैं। प्रतिद्वंदी उम्मीदवार अतर सिंह भड़ाना को हरा कर के यह जीत हासिल की। रोहिल्ला सहित अन्य सभी नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न होने पर निगम के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

### ट्रक ने कंपनी कर्मी को कुचला, दर्दनाक मौत




**गुरुग्राम।** बिलासपुर थाना एरिया में तेज रफ्तार ट्रक ने अपने भांजे के साथ खाना खाकर लौट रहे एक कंपनी कर्मी को कुचल दिया। हादसे में कंपनी कर्मी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को अंजाम देकर चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चारा काटने के दौरान करंट लगने से मौत



**गुरुग्राम।** भोंडसी एरिया के गांव सहजावास में चारा काटने के दौरान करंट लगने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। सहजावास निवासी बिरेंद्र ने बताया कि संगीता पत्नी नेत्रपाल वीरवार की शाम को मशीन से हरा चारा काट रही थी। इसी दौरान उसे बिजली का करंट लगा तो चारा काटने वाली मोटर के ऊपर जा गिरी। महिला को गंभीर हालत में प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया।

# विद्यार्थियों का रुझान शासकीय स्कूलों की ओर बढ़े इसके लिए स्कूलों को बेहतर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ विधानसभा से संबंधित सभी स्कूल अधिकारियों और कॉलेज के प्रिंसिपल और मुख्यअध्यापकों के साथ विधायक मूलचंद शर्मा ने समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में स्कूल की स्थिति से लेकर विद्यार्थियों की संख्या और शिक्षकों की संख्या एवं स्कूल भवनों की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की और कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा के सभी स्कूलों की स्थिति को बेहतर किया जाएगा ताकि बच्चों का रुझान सरकारी स्कूलों की तरफ ज्यादा हो सके।

बैठक में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने सभी स्कूल के प्रिंसिपल, मुखियाओं को निर्देश दिए हैं कि स्कूल को हरा भरा और सुंदर बनाना ही उनका लक्ष्य है और वह तभी पूरा होगा जब सभी मिलकर स्कूल के अंदर पौधारोपण करें और स्कूल के भवन की मरम्मत और पेंट करा कर इत्यादि से सुंदर बनाएं। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में सुषमा स्वराज महिला महाविद्यालय के अलावा सेक्टर-23 कॉलेज को मंजूरी के साथ-साथ ज्यादातर सीनियर सेकेंडरी स्कूल और मिडिल प्राइमरी स्कूलों की इमारत को नया बनवाया गया है।

## बल्लभगढ़ विधानसभा के स्कूल और कॉलेज की विधायक शर्मा ने की समीक्षा बैठक



सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए हैं उन्होंने कहा कि इसकी भरपाई तभी होगी जब स्कूल में अधिक से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण करेंगे। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी है। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह को निर्देश दिए हैं कि वह सेक्टर 22 स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल के कमरों का नया एस्टीमेट बनाएं। इसके अलावा बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी तिगांव रोड स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला की बहुमंजिला इमारत बनाने के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा को शिक्षा का हब बनाने के लिए उन्होंने कोई कमी नहीं छोड़ी है और लगातार शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में उनका कदम हमेशा आगे बढ़ता रहेगा। इसके अलावा उन्होंने बल्लभगढ़ गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे निर्माणाधीन तीन अन्य कमरों के कार्यों को जल्द पूरा कराया जाए।

## मनुष्य को जीने के लिए पौधे लगाना जरूरी

बैठक में एसडीएम मयंक भारद्वाज, खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह, डीएचओ कम प्रिंसिपल सुनिधि सिंह, बल्लभगढ़ कॉलेज की प्रिंसिपल रितिका गुप्ता, जेई बलवीर जाखड़ सहित बल्लभगढ़ विधानसभा के स्कूल के मुखिया मौजूद रहे। इसके अलावा एसडीएम कार्यालय में किया पौधारोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान को बनाएंगे सफल बल्लभगढ़ में विभिन्न विभागों द्वारा 23 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य को जल्द पूरा करेंगे। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि पौधा के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए पर्यावरण संतुलन और मनुष्य को जीने के लिए ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए पौधे लगाना बहुत ही जरूरी है उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने अंतिम समय में भी एक पौधा साथ लेकर जाता है उसकी भी पूर्ति तभी होगी जब हम सब मिलकर एक नहीं बल्कि दो-दो पौधे लगाकर उन्हें बच्चों की तरह पालने का काम करें।

इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, तहसीलदार भूमिका लाम्बा, पार्षद योगेश शर्मा, पार्षद सोनू वैष्णव, पार्षद किरण बाला, पार्षद महेश गोयल, सुषमा यादव, जेपी मास्टर, गौरव विरमानी, व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर, अंबिका शर्मा, संजीव बैंसला, संगीता नेगी, राजकुमार, सचिन गर्ग, दीपक विरमानी सभी ने मिलकर पौधारोपण किया।

### नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों के साथ डूब क्षेत्र का लिया जायजा

# टीम को किया प्रोत्साहित, जल निकासी के लिए मौके पर बढ़ाए गए पंप सेट व उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

» भारी बरसात में हो रहे जल भराव पर, नगर आयुक्त ने शहर वासियों से की सावधानी बरतने की अपील, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नगर निगम लगातार जल निकासी का कार्य प्राथमिकता पर कर रहा है जिसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारी भी दिन-रात व्यवस्था संभालने में लगे मानसून के चलते भारी बरसात हो रही है। जिसमें अधिकांश क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति बन रही है जिसको संभालने के लिए जल निकासी का कार्य स्वास्थ्य तथा जलकल विभाग द्वारा किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी लगातार स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं तथा टीम को मोटिवेट करते हुए जल निकासी कराई जा रही है।

इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा विशेष रूप से डूब क्षेत्र का जायजा लिया गया जिसमें सुदामापुरी क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया वार्ड संख्या सात सुदामापुरी पहुंचकर नगर आयुक्त द्वारा टीम को तत्काल कार्रवाई करने तथा उपकरण बढ़ाने के निर्देश दिए गए मौके पर चार से अधिक पंप सेट लगाए गए तथा जल निकासी जारी है, निरीक्षण के समय जलकल विभाग के अलावा स्वास्थ्य विभाग अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश तथा मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- अधिकांश क्षेत्रों में जलभरवा की स्थिति बनी
- व्यवस्था को बनाने के लिए निगम ने विशेष कार्रवाई की
- स्वास्थ्य विभाग भी जेसीबी के माध्यम से जल निकासी कर रहा

## जलनिकासी में सहयोग करें



महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि शहर में भारी बरसात के बाद जल निकासी का कार्य लगातार चल रहा है। जिसमें विशेष रूप से डूब क्षेत्र में भी उपकरण लगे हुए हैं सुदामापुरी में जल निकासी का कार्य जोर से कराया जा रहा है। नगर आयुक्त ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया निर्माण विभाग द्वारा कई स्थानों पर पंचर करते हुए जल निकासी में सहयोग किया है। स्वास्थ्य विभाग जेसीबी के माध्यम से लगातार जल निकासी में सहयोग कर रहे हैं जलकल विभाग द्वारा एसटीपी में टेंपरेरी व्यवस्था करते हुए जल निकासी का कार्य जारी रखा हुआ है, इसके अलावा अन्य डूब क्षेत्र में भी व्यवस्था को बनाने के लिए निगम विशेष कार्यवाही कर रहा है।

## सफाई अभियान का कार्य भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा

*निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्र वासियों से भी संपर्क करते हुए क्षेत्र की समस्याओं के समाधान पर चर्चा की सुदामा पुरी क्षेत्र की निवासियों द्वारा भी नगर आयुक्त से वार्ता करते हुए जल्द से जल्द जल निकासी करने तथा समस्या के समाधान के लिए चर्चा की गई, निर्माण स्वास्थ्य तथा जलकल विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शहर में जल निकासी का कार्य प्राथमिकता पर कर रहा है, नगर आयुक्त द्वारा भारी बारिश के चलते शहर वासियों से सावधानी बरतने की अपील की है। नगर आयुक्त बताया गया कि उपकरणों के माध्यम से लगातार जल निकासी की जा रही है तथा सफाई अभियान का कार्य भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जल भराव के स्थलों पर विशेष रूप से शहर निवासी सावधानी बरते अपील की जा रही है तथा ऐसे क्षेत्र जो जल निकासी या सफाई से छूट रहे हैं उनमें भी समस्या के समाधान हेतु जलकल विभाग से सीधा संपर्क कर जानकारी देने के लिए अपील की गई है।*

### स्वास्थ्य विभाग को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी

# मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने एमटीपी किट बेचने वाले गिरोह को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद व मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव बड़खल फरीदाबाद की जमाई कालोनी में सूफीयान मेडीकल स्टोर पर दानिश नाम का व्यक्ति गर्भपात करने की दवाएं बेचता है।

इस सूचना के संबंध में कार्यवाही करने के लिए संयुक्त ऑपरेशन के तहत स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद से डॉ. रामनिवास, एमओ डा. सन्नी, एमओ डा. ए के यादव नोडल अधिकारी एमटीपी, स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद संदीप डीसीओ फरीदाबाद की संयुक्त टीम तैयार की गई व प्रकाश लाल एक्सईएन पीडब्लयूडी विभाग को बतौर डयूटी मजिस्ट्रर नियुक्त कराकर नियमानुसार रैड दबिश देने के लिए एक फर्जी ग्राहक महिला व उसके पति को दुकान पर गर्भपात करने की दवा एमटीपी किट लेने के लिए भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग ने नियमानुसार सरकार की हिदायतों की पालना करते हुए 1500 रुपए फर्जी ग्राहक को देकर हिदायत दी की किट लेकर इशारा करें। इस पर दुकान संचालक दानिस ने अपनी दुकान पर काम करने वाले बिलाल को एमटीपी किट देकर फर्जी ग्राहक को मस्जिद न 3 एनआईटी फरीदाबाद के पास आने को कहा व बिलाल ने फर्जी ग्राहक को मस्जिद के पास एमटीपी दी व इसी बीच फर्जी ग्राहक के इशारे पर संयुक्त टीम द्वारा बिलाल को काबू किया व टीम द्वारा दिए गए नंबरी नोट 1500 रुपए को बरामद किए। संयुक्त टीम की पूछताछ पर बिलाल ने बताया कि उसे यह दवा सुफीयान मेडीकट स्टोर मालिक दानिश ने दी है। जिस पर संयुक्त टीम ने दानिश मेडीकल स्टोर का निरीक्षण किया। मौका पर जमाई कालोनी गांव बड़खल में दानिश निवासी जमाई कॉलोनी ने एक मेडीकल स्टोर खोलना पाया। दानिश ने पूछताछ पर अपने आपको इस स्टोर का मालिक बताया। यह भी बताया कि उसने ही बिलाल से 1000 रुपये लेकर किट बिलाल को दी थी।

इरसाद निवासी बड़खल जिसने अपने घर मे दवाइयां रखी हुई है उसने ही एमटीपी किट उपलब्ध कराई है। जिस संबंध में डॉ. सन्नी डनवाल एमओ की शिकायत पर आरोपी बिलाल, दानिस व इरसाद द्वारा बिना किसी डॉक्टर की अनुमति व पर्ची के गर्भपात करने के लिए एमटीपी किट बेचने के संबंध में थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद में अभियोग अंकित कराया गया है।

### गोआश्रय स्थलों को मॉडल गौशाला बनाने में करें आर्थिक सहयोग प्रदान

# सीडीओ अभिनव गोपाल ने कोल्ड स्टोरेज स्वामियों से किया गोआश्रय स्थलों को गोद लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा कोल्ड स्टोरेज स्वामियों से गौ आश्रय स्थलों को गोद लेकर मॉडल गौशाला बनाने में आर्थिक सहयोग करने का आह्वान किया गया। दुर्गावती देवी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद के 15 कोल्ड स्टोरेज स्वामियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 15 गोआश्रय स्थल में आर्थिक समस्या के कारण शेड की व्यवस्था एवं प्रबंधन, गोवंश उत्पाद निर्माण यथा दुग्ध, गोबर से निर्मित उत्पाद, हरा चारा उत्पादन, गोबर से बिजली उत्पादन का कार्य नही हो पा रहा है। गोआश्रय स्थल स्वावलंबी नहीं है।

## कोल्ड स्टोरेज स्वामियों ने आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आश्वान दिया



इन गोआश्रय स्थलों की कमियों को दूर कर स्वावलंबी बनाया जाना अतिआवश्यक है। पूर्व में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई थी जिसमें विभिन्न गौशाला संचालकों एवं विशेषज्ञों के विचार गोशाला को स्वावलंबी बनाने के लिए गए थे।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार गौशाला को स्वावलंबी बनाने के लिए गोआश्रय स्थलों पर सेड के निर्माण को सुधार करने, चहारदीवारी निर्माण, चारा काटने की मशीन लगवाने, गोबर के सही इस्तेमाल के लिए आवश्यक मशीनरी क्रय करने एवं जनता की आस्था के अनुरूप पूजा स्थल निर्माण कराने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने एवं एक-एक गोआश्रय गोद लेकर कमियों को दूर कराने एवं आवश्यक निर्माण कराने की अपील की। सभी कोल्ड स्टोरेज स्वामियों द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

कोल्ड स्टोरेज स्वामियों द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया एवं सहयोगी कोल्ड स्टोरेज का नाम गोआश्रय स्थलों पर बोर्ड लगाकर प्रदर्शित किया जाएगा तथा प्रसस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं जिला उद्यान अधिकारी भी मौजूद रहे। अगले सप्ताह गोआश्रय स्थलो भ्रमण कोल्ड स्टोरेज स्वमियों द्वारा किया जाएगा एवं गोद देने की कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस जांच में जुटी

# युवक का रक्तरंजित शव मिला, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बजघेड़ा थाना एरिया की सोसाइटी के पास एक युवक का रक्तरंजित शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच करवाई। मृतक के सिर में गहरी चोट के निशान मिले हैं। जिसके चलते हत्या की आशंका जताई गई है। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोंचरी में भिजवा दिया। पुलिस द्वारा डॉक्टरों के बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। जानकारी के अनुसार पुलिस को बजघेड़ा थाना एरिया की सोसाइटी के निकट सीवर के मेनहोल के साथ एक युवक का रक्तरंजित शव मिला। मृतक के सिर में गहरी चोट के निशान मिले हैं। जिसके चलते हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस ने आसपास के लोगों को शव को दिखाया तो उसकी पहचान यूपी के बिजनौर निवासी 40 वर्षीय अनिल के रूप में हुई। जो अपने छोटे भाई के पास गुरुग्राम के पालम विहार में रहता था। जांच में सामने आया कि अनिल की पत्नी तीन साल पहले बच्चों को साथ लेकर चली गई थी। वह यहां अकेले रहता था। मामले में जांच अधिकारी त्रिलोक सिंह ने बताया कि पुलिस ने परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

# फरीदाबाद में नगर निगम आयुक्त खड़गटा ने भी किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



अमृता अस्पताल के संरक्षक निजामृतानंद पुरी ने कहा कि शुक्रवार को आरपीएस सेक्टर 88 में अमृतानंदन मार्ग और उसके आसपास सड़क के किनारों और डिवाइडरों पर सैकड़ों की संख्या में पौधे लगाए गए है, जिसमें एफसीसीआई का योगदान अहम रहा है। उन्होंने कहा कि पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम इसका संरक्षण करें। समाज के सभी वर्ग इसमें अपना योगदान दे भी रहे है। इसमें और जागरूकता लाकर हम अपने आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ आबोहवा दे सकते है। इस मौके पर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता, हमारे दायित्व और आने वाली पीढ़ियों का स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के हमारे संकल्प का प्रतीक है। नगर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि पर्यावरण का महत्व को समझना हम सबके लिए बहुत ही जरूरी है।

ईश्वर ने हमें प्रकृति की सारी चीजें मुफ्त में दीं, ताकि हम उनका यथा उपयोग कर सकें, पर हमने विकास और आधुनिकता के नाम पर प्रकृति का ऐसा दोहन किया कि आज हमें उसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। जल, शुद्ध वायु, पेड़-पौधे और न जाने कितनी चीजें जो प्रकृति का मुफ्त उपहार थीं, आज खरीद रहे हैं और भविष्य के लिए डर भी रहे हैं कि कहीं वह खत्म न हो जाए। डरना भी जरूरी है, क्योंकि कोई भी चीज असीमित नहीं होती। इस मौके पर अमृता अस्पताल के संरक्षक निजामृतानंद पुरी सहित शहर के उद्योगपति भी मौजूद रहे।

### मॉकड्रिल का उद्देश्य था विभागों की तत्परता को परखना

# सीईओ जिला परिषद शिखा सेक्टर-12 लघु सचिवालय समेत पांच और स्थानों पर आपदा प्रबंधन मॉकड्रिल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद जिले में शुक्रवार को सुरक्षा चक्र नामक एक व्यापक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका संचालन हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह मॉकड्रिल उपायुक्त विक्रम सिंह के मार्गदर्शन, एडीसी सतबीर मान के निर्देश और सीईओ जिला परिषद शिखा के दिशा-निर्देशानुसार जिले की पांच चिन्हित जगहों पर संपन्न हुई। मॉकड्रिल का मूल उद्देश्य आपदा के समय आपदा प्रबंधन कर्मियों की क्षमता व तत्परता की जांच करना होता है साथ के साथ कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों को भी आपदा से निपटने के लिए क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इस बात की जानकारी दी गई।

## एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस, एनसीसी, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभाग ने दिखाया समन्वय का दम



सीईओ जिला परिषद शिखा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन द्वारा संभावित आपदा स्थितियों से निपटने की तत्परता जांचने हेतु आज जिले के चिन्हित पांच प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सेक्टर-12 लघु सचिवालय, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, नजदीक बड़खल तहसील, राजा नाहर सिंह महल बल्लभगढ़, बी के सिविल हॉस्पिटल और अडानी गैस सेक्टर.88 में सुरक्षा चक्र नामक एक दिवसीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया है। जिसमें स्टेट डिजास्टर रिलीफ फोर्स, एनडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, सिविल डिफेंस, होमगार्ड, रेडक्रॉस की क्विक रिस्पांस टीमों ने भाग लिया। एनडीआरएफ की बटालियन टीम के सदस्यों द्वारा आपदा प्रबंधन को लेकर मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस पूर्वाभ्यास में लाखों लोगों की आवाजाही वाले ऐसे स्थानों को चुना गयाए जहां आगजनी, शॉर्ट सर्किट, भगदड़, आपसी झगड़े अथवा अन्य अप्रिय घटनाएं घटित हो सकती हैं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सिरसा | जिला सिरसा में मजबूतीकरण द्वारा डबवाली से संगरिया रोड कि.मी. 0.00 से 33.546 तक (एनएच-54) (छोड़ा गया भाग) की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 11.08.2025 | 1444.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 166220530 pwd-eepd1-sirsa@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में दुधियांवाली से नाईवाला कि.मी. 0.00 से 4.04 तक नई सड़क के निर्माण हेतु डीएनआईटी (सी.एम. घोषणा कोड 26594 दिनांक 29.05.2022) (बिना जीएसटी) | 30.07.2025 09.08.2025 | 307.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | जिला महेन्द्रगढ़ में फोर लेनिंग रोड के केन्द्रीय वर्ज में पौधारोपण का विकास राई-मलिकपुर (राजस्थान बॉर्डर - नांगल चौधरी - नारनौल - महेन्द्रगढ़ - दादरी रोड कि.मी. 30.50 से 34.86 और कि.मी. 35.60 से 84.82) (पूर्व में पुराने एनएच 148-बी) के रूप में जानी जाती + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.08.2025 | 284.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | जिला कुरूक्षेत्र गांव डीग में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र का निर्माण। | 29.07.2025 12.08.2025 | 534.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 174429271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज कैथल | ब्लॉक पुण्डरी (पाई) में आर/वॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 30.07.2025 06.08.2025 | 51.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव घड़ी भराल के 60 एकड़ में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 3 कार्य। | 28.07.2025 20.08.2025 | 236.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव मैनमति ब्लॉक कुंजपुरा जिला करनाल में डीपीएलएएन 2025-26 के तहत राजपूत चौपाल का निर्माण + 1 कार्य। | 30.07.2025 15.08.2025 | 26.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कैथल | गांव संगरोली में तालाब के निकट आईपीबी गली आर/वॉल, बी/वॉल का निर्माण। | 30.07.2025 06.08.2025 | 2.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 9 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में 36 अदद लिफ्ट्स के एकीकृत रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 06.08.2025 21.08.2025 | ईएमडी 1.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | झज्जर हेतु एसकेएफ / एफएजी / एआरबी / एनबीसी बेयरिंग की आपूर्ति + 1 अन्य कार्य। | 31.07.2025 14.08.2025 | 9.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542 xenproc@gmail.com |
| 11 | वन विभाग सिरसा | डींग ब्लॉक में प्रोस्पीस जूलीफ्लोरा और नया पौधारोपण कार्य। | बंद होने की तिथि 07.08.2025 | 128.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/330/37249/I/88/7 दि. 01.08.25

# 'सफाई बेहतर रखने वालों को मिलेंगे 50 लाख रुपए के ईनाम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान प्रारंभ किया। इस दौरान बताया गया कि सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, उच्च प्रदर्शन करने वाली रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें सर्वश्रेष्ठ के लिए 25 लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिए 15 लाख रुपये और तीसरे स्थान के लिए 10 लाख रुपये। कुल मिलाकर यह राशि 50 लाख रुपए है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह अभियान 31 अगस्त (पूरे एक माह) तक चलेगा। इसमें जन-भागीदारी सहित विभिन्न सरकारी निकाय मिलकर एक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री का कहना है कि स्वच्छता अभियान तब सफल होता है, जब हम खुद पहल करें। आज दिल्ली को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को दिल्ली में नई गति देने वाला जनांदोलन है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को दिल्ली में नई गति देने वाला जन-आंदोलन है। इसका उद्देश्य न केवल कूड़ा-कचरा मुक्त भारत बनाना है, बल्कि स्वच्छता को जन-आंदोलन का रूप देना भी है। मुख्यमंत्री के अनुसार पूरी दिल्ली मिलकर इसे जन-आंदोलन का रूप देगी। देश की राजधानी दिल्ली को 'विकसित दिल्ली' बनाने में सफाई व स्वच्छता की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## दिल्ली को कचरे से मुक्ति अभियान की विशेषताएं

पहले दो दिन स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी कार्यालयों में जमा कचरे और सफाई से संबंधित लंबित कार्यों को निपटाने पर केंद्रित रहेंगे। प्रत्येक शनिवार और रविवार को यह अभियान अनधिकृत कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों पर केंद्रित होगा।, 14, 21 और 28 अगस्त को यमुना घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। 29 और 31 अगस्त को रिंग रोड की सफाई की जाएगी। इस अभियान के लिए एमसीडी को 5 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान की शुरुआत कश्मीरी गेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय परिसर से की। मुख्यमंत्री ने स्वयं झाड़ू लगाकर संदेश दिया कि ऐसे अभियानों में सभी का जुड़ना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने इस कार्यालय की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई और कहा कि इसे सुधारने के लिए प्रभावी उपाय किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्य है। और अब समय आ गया है कि हम सब मिलकर दिल्ली को कूड़े से मुक्त करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज से शुरू हुए 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान के अंतर्गत पहला दिन सभी सरकारी कार्यालयों की सफाई को समर्पित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने की 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान की शुरुआत



## सभी विभाग होंगे एक छत के नीचे, बदहाल दफ्तरों से मिलेगी मुक्ति : रेखा गुप्ता

रेखा गुप्ता ने कश्मीरी गेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग परिसर से 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान की शुरुआत करते हुए कार्यालय की जर्जर स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि यहां की हालत देखकर वह बेहद व्यथित हैं। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि अपने कार्यालय पर 70 करोड़ रुपये खर्च करने वालों ने इन विभागों पर दो-चार करोड़ रुपये भी नहीं लगाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अब समय आ गया है जब दिल्ली के सभी विभागों के लिए एक नया, सुव्यवस्थित और एकीकृत सचिवालय बनाया जाए। हम आज से ही इस दिशा में कदम उठाएंगे, उपयुक्त स्थान की पहचान की जाएगी जहां नया दिल्ली सचिवालय स्थापित हो सके और सभी विभाग एक ही छत के नीचे कार्य कर सकें। मुख्यमंत्री के अनुसार हम अपने अधिकारियों को अब इस तरह की दयनीय परिस्थितियों में काम करने के लिए नहीं छोड़ सकते।

## 'दिल्ली में कोई भी झुग्गी न हटाई जाए'

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी की झुग्गी बस्तियों को लेकर महत्वपूर्ण व निर्णायक फैसले लिए हैं। उन्होंने रेलवे, डीडीए सहित सभी सरकारी विभागों को निर्देश जारी किए हैं कि दिल्ली में कोई भी झुग्गी न हटाई जाए। अगर विकास कार्य आदि को लेकर झुग्गी हटाई भी जाती है, तो उन्हें पहले वैकल्पिक आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राजधानी के बाहरी इलाकों में सालों पहले बने करीब 50 हजार मकानों को संवारकर उन्हें झुग्गी वालों को देने का निर्णय कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने दो निर्णय और लिए हैं। उनका कहना है कि जरूरत पड़ी तो सरकार झुग्गी बस्तियों पर बनी पॉलिसी में बदलाव करेगी और झुग्गी वालो का आवास बचाने के लिए कोर्ट भी जाएगी। मुख्यमंत्री का स्पष्ट मत है कि झुग्गी वालों का दर्द किसी हाल में अनदेखा नहीं किया जाएगा।

## पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटा हुआ है हर विभाग

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का हर विभाग इस विशेष स्वच्छता अभियान में पूरी शक्ति और प्रतिबद्धता के साथ जुटा हुआ है। राजधानी का हर विधायक, हर पार्षद और हर सरकारी कर्मचारी इस परिवर्तन का जिम्मेदार भागीदार है। इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत दिल्ली की जनता है। हर दिल्लीवासी इस बदलाव का सक्रिय हिस्सा है। यह अभियान सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि पूरे शहर की सामूहिक भागीदारी का प्रतीक है।

## सैकड़ों लोगों ने लिया स्वच्छता अभियान में भाग

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, विधायक सतीश उपाध्याय और दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने शुक्रवार को दक्षिणी ज़ोन में एक गहन स्वच्छता अभियान के साथ महीने भर चलने वाले 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, स्थानीय पार्षद, दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार, अतिरिक्त आयुक्त, क्षेत्रीय उपायुक्त, वरिष्ठ अधिकारीगण, स्वच्छता कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। महापौर ने उपस्थित विधायकों एवं निगम आयुक्त के साथ सभी क्षेत्रों की पदयात्रा की और झाड़ू उठाकर सफाई अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, आरडब्ल्यूए, बाज़ार संघ, गैर सरकारी संगठनों, मंदिरों, धार्मिक संगठनों और कार्यालयों के सैकड़ों लोगों ने महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह के साथ ग्रीन पार्क से आईआईटी, महरौली, छतरपुर और भट्टी माइंस तक 10 किलोमीटर एवं चार घंटे चले स्वच्छता अभियान में भाग लिया। वहीं, इस अभियान के अंतर्गत महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय, डॉ. एसपीएम सिविक सेंटर, के 17वें तल स्थित विधि विभाग का दौरा किया।



## जनता को रोज़ मिलनी चाहिए कूड़े से आजादी : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली को कूड़े से आजादी तो जनता को रोज मिलनी चाहिए, चंद दिनों के दिखावटी अभियान से मुक्ति नहीं मिलेगी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार के 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' विशेष स्वच्छता अभियान को लेकर यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि वर्ष में कुछ विशेष दिनों में नहीं बल्कि 365 दिन शहर में यह अभियान चलाया जाना चाहिए। राजधानी दिल्ली में हर कौने पर गंदगी और कूड़े के ढेर लगे रहना सरकार की विफलता है, क्योंकि भाजपा की सरकार 6 महीनों में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा दिल्ली के हर कौने में छोड़े गए कूड़े से आजादी नहीं दिला पाई। क्या भाजपा का 'दिल्ली को कूडे से आजादी' विशेष स्वच्छता अभियान सिर्फ फोटो बनकर रहने वाला है।

## एनडीएमसी ने 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' थीम पर नई दिल्ली का शहरव्यापी स्वच्छता अभियान किया शुरू

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत के उपलक्ष्य में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने शुक्रवार को 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' थीम पर नई दिल्ली का शहरव्यापी स्वच्छता अभियान शुरू किया। जो कचरे और अस्वच्छ परिवेश से मुक्ति का एक आह्वान है। इस अभियान की शुरुआत एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने शहीद भगत सिंह प्लेस, गोल मार्केट पर झाड़ू लगाकर की। इस अवसर पर एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी, सफाई कर्मचारी, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रतिनिधि और स्थानीय मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद थे। चंद्रा ने इस अवसर पर कहा कि 'महात्मा गांधी के स्वच्छ और समृद्ध भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, इस महीने भर चलने वाली स्वच्छता पहल (1 अगस्त से 31 अगस्त, 2025 तक) का उद्देश्य सामूहिक सामुदायिक कार्रवाई और संस्थागत प्रयासों के माध्यम से एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ राजधानी के निर्माण को प्रेरित करना है।


## दिल्ली जल बोर्ड मुख्यालय में स्वच्छता की शपथ और सफाई अभियान का आयोजन

**नई दिल्ली।** 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान के तहत शुक्रवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के वरूणालय फेज-दो मुख्यालय में एक विशेष स्वच्छता शपथ समारोह और सफाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कौशल राज शर्मा ने की। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और उन्हें अपने कार्यस्थल व आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। शपथ के बाद, दिल्ली जल बोर्ड के मुख्यालय और टिब्बिया कॉलेज ज़ोनल कार्यालय में विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान में सीईओ कौशल राज शर्मा, साथ ही जल बोर्ड के प्रशासन, वित्त, निदेशक (जल) और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इन सभी ने स्वयं श्रमदान कर उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिली और वे इस अभियान में सक्रिय रूप से जुड़ गए। इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए। जहां भी गंदगी नजर आए, वहां तुरंत व्यक्तिगत स्तर पर सफाई की पहल की जानी चाहिए।

## मलेरिया के मामलों ने दिल्ली में पिछले 10 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इस साल मलेरिया ने पिछले 10 साल के सभी आंकड़ों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कुछ अखबारों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इतनी बड़ी मात्रा में जल भराव होने के बावजूद भी जब भारतीय जनता पार्टी के नेता इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है कि जल भराव हो रहा है, तो प्रकृति ने सच सामने लाने का एक नया तरीका अपनाया और कुछ अखबारों का हवाला देते हुए अखबारों में छपी खबरों को जिक्र किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा मलेरिया मच्छरों के काटने के कारण होता है और मच्छर जगह-जगह जल भराव के कारण पैदा होते हैं और यह इस बात का साक्ष्य है, कि दिल्ली में जगह-जगह जल भराव हो रहा है। वहीं, प्रेस वार्ता में आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने कहा कि हाई कोर्ट ने भी कहा कि भाजपा शासित दिल्ली सरकार के विभागों में आपसी समन्वय की कमी है। अब रील बनाने से काम नहीं चलेगा, भाजपा को धरातल पर रियल में काम करना होगा। दिल्ली में बढ़ते मलेरिया के मामलों पर भाजपा सरकार को गंभीरता से काम करना होगा।





# जॉन अब्राहम की फिल्म तेहरान का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की नई फिल्म 'तेहरान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो एक सच्ची घटना पर बेस्ड बताई जा रही है। अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन के साथ मानुषी छिल्लर भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 14 अगस्त को ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर बेस्ट रूह कंपा देने वाली कहानी है। अरुण गोपालन निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम अपने धाकड़ अवतार में दिख रहे हैं और आतंकवादियों के नापाक इरादों को ध्वस्त करने के लिए तैनात भी। इस फिल्म पहली बार जॉन एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के साथ नजर आ रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। मेकर्स ने ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, 'क्या वह देशभक्त था या देशद्रोही?

लाइफ Style

# मृणाल
## एक्टिंग के लिए बीच में छोड़ दी पढ़ाई

एजेंसी ⏭ मुंबई



मृणाल ठाकुर सिनेमा की दुनिया का चर्चित नाम है। अपनी खूबसूरती और अदाकारी के दम पर उन्होंने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई है। मगर, इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ उनकी मेहनत और लगन रही है। शुरुआत से ही मृणाल की दिलचस्पी अभिनय की तरफ रही और कहा जाता है कि किसी चीज को शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाती है। उन्होंने अभिनय में कॅरियर बनाने का सपना देखा और आखिर यह सपना पूरा हुआ।

मृणाल ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 2012 में सीरियल 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' से की। उनको जब इस शो का ऑफर मिला, तब वे पढ़ाई कर रही थीं। एक्टिंग में कॅरियर बनाने के लिए मृणाल ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। उसने एक्टिंग की शुरुआत घरवालों को बताए बिना की। 'मुझसे कुछ कहती....ये खामोशियां' के बाद मृणाल कई और टीवी सीरियल में नजर आईं। शो 'कुमकुम भाग्य' में काम करने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो में उन्होंने बुलबुल अरोड़ा का किरदार निभाया था। मृणाल ठाकुर ने देह व्यापार और चाइल्ड ट्रैफिकिंग के मुद्दे पर बनी फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। फिल्म शूट करने से पहले मृणाल कोलकाता जाकर कुछ दिन रहीं। वे वहां सोनागाछी रेडलाइट एरिया में गई थीं और देह व्यापार के दलदल में फंसी युवतियों-महिलाओं की जिंदगी को करीब से देखा। बॉलीवुड में मृणाल को फिल्म 'सुपर 30' में ऋतिक रोशन के अपोजिट देखा गया और यहां से उनके कॅरियर ने नई उड़ान भरी। भारत में तो मृणाल ठाकुर की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। मगर, जानकार हैरानी होगी कि इंडोनेशिया में भी उनका फैन बेस मजबूत है। यहां तक कि उन्होंने कुछ इंडोनेशियन टीवी शो में भी काम किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# ड्यून पार्ट 3 में कंफर्म की अपनी मौजूदगी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यूनः पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। एक्टर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपनी दाढ़ी बनवाते नजर आए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है।




# माइकल जैक्सन का यूज़ किया हुआ गंदा मोजा लाखों में बिका

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन का एक पुराना, गंदा और दागदार क्रिस्टल वाला मोजा लाखों में बिका है। फ्रांस में नीलामी के दौरान इसकी उम्मीद से अधिक बोली लगी। बताया जा रहा है कि यह मोजा उन्होंने 1997 में 'हिस्ट्री वर्ल्ड टूर' के दौरान नीस में एक कॉन्सर्ट में पहना था। एक स्टेज टेक्नीशियन को जैक्सन के ड्रेसिंग रूम के पास यह मोजा फेंका हुआ मिला था। बताया जाता है कि चूंकि इसे काफी वक्त हो गया इसलिए इस चमकीले मोजे में पीलापन और दाग भी नजर आ रहे थे। वहीं ऑक्शन रखने वालों को इसके \$3,400- \$4,500 के बीच में बिकने की उम्मीद थी। हालांकि, फैन्स और अनोखी चीजों का शौक रखने वालों ने काफी इंटरेस्ट दिखाया और ये उम्मीद से अधिक महंगा हो गया। पिछले दिनों बुधवार को फ्रांस में रखी गई एक नीलामी में माइकल जैक्सन का ये गंदा और यूज किया हुआ मोजा \$8000 डॉलर यानी करीब 7 लाख रुपए में बिका है।



# साउथ से लेकर बॉलीवुड तक का शानदार सफर

**मुंबई।** तापसी पन्नू ने अपने कॅरियर की शुरुआत एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में की थी, लेकिन उनकी किस्मत ने उन्हें ग्लैमर की दुनिया में ला खड़ा किया। साल 2008 में उन्होंने मॉडलिंग शुरू की और फेमिना मिस इंडिया में हिस्सा लिया, जहां उन्हें मिस फ्रेश फेस और मिस ब्यूटीफुल स्किन का खिताब मिला। इसके बाद, 2010 में तेलुगु फिल्म 'झुम्मंडी नादम' से उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। 2011 में तमिल फिल्म 'आदुकलम' ने उन्हें साउथ में पहचान दिलाई। बॉलीवुड में तापसी ने 2013 में चश्मे बद्दूर से डेब्यू किया। लेकिन, असली शोहरत उन्हें 2015 की फिल्म बेबी में सात मिनट के रोल से मिली। इस फिल्म के बाद तापसी ने पिंक, नाम शबाना, मुल्क, थप्पड़, हसीन दिलरुबा, फिर आई हसीन दिलरुबा और डंकी जैसी कई फिल्मों में काम किया और उन्हें बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल कर दिया।



# पोस्टमैन में निभाएंगे दिल को छू लेने वाला किरदार

**मुंबई।** संजय मिश्रा ने अपने कॅरियर में जहां कॉमेडी के जरिए दर्शकों को हंसाया है, वहीं संजीदा किरदारों के लिए जरिए आंखें भी नम की हैं। जल्द ही वह एक और संजीदा किरदार फिल्म पोस्टमैन में निभाने वाले हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक को संजय मिश्रा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर शेयर किया है, इसमें वह पोस्टमैन के गेटअप में नजर आ रहे हैं। इसी पोस्ट में फिल्म को लेकर निर्देशक फैजान ए बजमी लिखते हैं, 'हर फिल्म एक स्पॉर्क से शुरू होती है। हमारी फिल्म एक चिट्ठी से शुरू हुई। अपनी फिल्म पोस्टमैन का पहला लुक शेयर करते हुए प्राउड फील हो रहा है। फिल्म पोस्टपैन एक फैसले और संदेश की अहमियत के बारे में बताती हैं। इस फिल्म के निर्देशक फैजान, संजय मिश्रा और बाकी कलाकारों के बारे में कहते हैं, मैं सभी कलाकारों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने इस फिल्म में जान फूंक दी है।

## टीवी मसाला



# तुलसी की चर्चा के बीच अनुपमा छा गई, टॉप 5 में दो कॉमिक शो शामिल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर चर्चा है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की वापसी के बाद रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा की पॉपुलैरिटी में कमी आएगी। लेकिन, 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्थिति इसके उल्ट है। इस हफ्ते रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में टॉप पर जगह बनाई है। इन दिनों रुपाली गांगुली के सीरियल अनुपमा में लीड कैरेक्टर अनुपमा और उसकी बेटी के बीच तनाव नजर आ रहा है। दोनों के बीच मनमुटाव के कारण दर्शक इस सीरियल को पसंद कर रहे हैं। 29वें हफ्ते में इस सीरियल ने 2.3 की टीआरपी हासिल की है। लगभग 16 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' इस बार टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। सीरियल की टीआरपी इस बार 2.1 रही है। पिछले हफ्ते इस सीरियल ने टॉप पर अपने लिए जगह बनाई थी। 29वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे नंबर पर कॉमिक सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। इस सीरियल को 1.9 की टीआरपी मिली है। वहीं, लाफ्टर शेफ 2 ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है, इसको भी 1.9 की टीआरपी मिली है।

# बिग बॉस 19 में होगी राजनीति और बनेगी घरवालों की सरकार

**नई दिल्ली।** दोस्तों और दुश्मनों हो जाओ तैयार, क्योंकि इस बार घरवालों की सरकार। इस डायलॉग से सलमान खान ने 'बिग बॉस 19' का टीजर रिलीज किया। इस बार शो का कॉन्सेप्ट हटकर होने वाला है। इस बात की झलक सलमान खान ने रियलिटी शो के हालिया जारी किए गए टीजर में दी है। टीजर में सलमान खान किसी नेता की तरह गेटअप लिए दिखे। साथ ही वह घोषणा करते हैं कि इस बार 'बिग बॉस 19' में बहुत सारा फन होने वाला है। शो का कॉन्सेप्ट पॉलिटिक्स से इंस्पायर होगा। जिसमें शो में भाग लेने वाले प्रतियोगी



मिलकर अपनी सरकार बनाएंगे। अब इस सरकार को बनाने के प्रोसेस में क्या-क्या होगा? यही सब रियलिटी शो में देखेन को मिलेगा। 'बिग बॉस 19' 24 अगस्त से शुरू होगा। इस शो को कलर्स चैनल पर 10.30 बजे दिखाया जाएगा। साथ ही दर्शक इसे जियोहॉटस्टार पर भी देख सकते हैं। इस शो में जो प्रतियोगी शामिल हो रहे हैं, उनको लेकर कुछ नामों की चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। इंफ्लुएंसर अपूर्वा मुखीजा, गौरव खन्ना, धनश्री के नाम सामने आए हैं।

# धड़क 2 में तृप्ति-सिद्धांत के अभिनय ने जीता दिल



**मुंबई।** साल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' शुक्रवार 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है। दोनों सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है। शाजिया इकबाल के निर्देशन में बनी फिल्म 'धड़क 2' को धर्मा प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और क्लाउड 9 पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म को नेटिजन्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। सिद्धांत ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं, तृप्ति डिमरी का आत्मविश्वास दर्शकों को पसंद आया है। फिल्म की कहानी भी दर्शकों को पसंद आई है। एक यूजर ने लिखा, कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर धड़क 2 दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है। नेटिजन्स तृप्ति की तारीफ में लिख रहे हैं, 'तृप्ति ने विधि का किरदार इतनी खूबसूरती से अदा किया है कि वे पूरी तरह उसमें ढल गई हैं'। फिल्म 'धड़क 2' तमिल क्लासिक 'परियेरुम पेरुमल' से प्रेरित है, जिसने जाति संबंधी अन्याय को प्रभावी ढंग से दिखाया था। हालांकि, कुछ लोगों सौरभ सचदेवा, विपिन शर्मा और जाकिर हुसैन भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म की कहानी और सितारों के अभिनय की तारीफ हो रही है, मगर कुछ दर्शकों का मानना है कि फिल्म में जातिवाद का मुद्दा पूरी गहराई से असर नहीं कर पाया है।

# अजय देवगन और रवि किशन के साथ लगाइए हंसी के ठहाके



**नई दिल्ली।** 2012 में आई फिल्म 'सन ऑफ सरदार' को काफी पसंद किया गया और यह उस साल की 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। उस फिल्म में अजय देवगन के साथ संजय दत्त की जोड़ी हिट रही थी, वहीं 13 साल बाद आए इस फिल्म के दूसरे पार्ट 'सन ऑफ सरदार2' में संजय दत्त की जगह अजय के साथ रवि किशन को लिया गया। इस बार अजय के साथ मृणाल ठाकुर लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आ रही हैं और इन दोनों की केमिस्ट्री आपको पर्दे पर पसंद आने वाली है। वहीं, राजा (रवि किशन) का परिवार भी है, जिसका बेटा सबा से प्यार करता है। राजा पाकिस्तानियों से नफरत करता है, लेकिन उसके बेटे को नहीं पता कि वह जिस लड़की से प्यार करता है, वह पाकिस्तानी है। अब राबिया, जस्सी को, जो अपनी पत्नी से अलग होकर राबिया के घर में रह रहा है, अपनी बहन की बेटी सबा के पिता बनने का नाटक करने के लिए मना लेती है। एक घटना के दौरान राबिया और जस्सी की मुलाकात होती है और फिर दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगते हैं, जिसके बाद राबिया उसे अपने घर में पनाह देती है। जस्सी को राजा के सामने कर्नल बनाकर पेश किया जाता है।

जस्सी की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। फिल्म के पहले पार्ट में उन्हें संजय दत्त ने परेशान किया था और अब रवि किशन राजा का किरदार उनकी परेशानियां बढ़ाते दिखे. अजय देवगन फिल्म में अपने पुराने रोल में ही नजर आए हैं और अपना बेस्ट दिया है। पर्दे पर उनके साथ मृणाल ठाकुर खूब जंच रही हैं। रवि किशन से लेकर संजय मिश्रा तक, सभी ने अपने किरदारों से कमाल किया है, लेकिन सबसे दमदार रोल गुल के रूप में दीपक डोबरियाल का होगा.

## अलग-अलग शैलियों की आ रहीं फिल्में और सीरीज
# इस वीकेंड ओटीटी पर मिलेगा भरपूर मनोरंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


इस हफ्ते सिनेमाघरों में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 जैसी फिल्में रिलीज हो गई हैं। लेकिन, अगर आप घर बैठे मनोरंजन करना चाहते हैं, तो ओटीटी पर अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में और सीरीज इस वीकेंड आ रही हैं। जिनको आप अपने परिवार के साथ घर बैठे देख सकते हैं।

### हाउसफुल 5

अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन स्टारर मल्टीस्टारर फिल्म हाउसफुल 5 सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद अब ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। फिल्म 1 अगस्त से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। अगर आपने सिनेमाघरों में ये फिल्म मिस कर दी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं।

### माय ऑक्सफोर्ड ईयर

1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर 'माय ऑक्सफोर्ड ईयर' रोमांस और सेल्फ डिस्कवरी के सफर को दिखाया जा रहा है। जहां एक अमेरिकी लड़की का जीवन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक लवस्टोरी की शुरुआत के साथ पूरी तरह से बदल जाता है।



### सितारे जमीन पर

आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'सितारे जमीन पर अगर आपने सिनेमाघरों में मिस कर दी तो अब आप इसे घर बैठे परिवार के साथ देख सकते हैं। सितारे जमीन पर 1 अगस्त से यूट्यूब पर पे-पर-व्यू मॉडल के तहत उपलब्ध है। जहां आप इसे देख सकते हैं।

### बकैती

बकैती छोटे गांव की एक प्यारी और दिल को छू लेने वाली कहानी है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा अपने पारिवारिक रिश्तों और जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करता है। यह सीरीज 1 अगस्त से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है।

### थम्मुडु

एक भाई-बहन की इमोशनल कहानी को एक्शन से जोड़कर दिखाती फिल्म तेलुगु थ्रिलर फिल्म थम्मुडु 1 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। यह फिल्म प्यार, बलिदान और हिम्मत की एक इमोशनल कहानी दिखाती है।





### चीफ ऑफ वॉर

18वीं सदी के अंत में हवाई की कहानी को दिखाती इस सीरीज में जेसन मोमोआ ने काइआना नाम के योद्धा का किरदार निभाया है। जो विदेशों से अपने घर लौटता है और देखता है कि उसका देश आंतरिक लड़ाई और विदेशी ताकतों के खतरे से घिरा है। 9 एपिसोड की यह सीरीज 1 अगस्त से एप्पल टीवी पर स्ट्रीम हो गई।

# मोदी वाराणसी को आज देंगे 2200 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा पर रहेंगे। इस दौरान वह सेवापुरी के कालिका धाम में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरे पर पीएम मोदी काशी वासियों को करीब 2200 करोड़ रुपए की सौगात भी देंगे। पीएम मोदी के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री का वाराणसी में करीब 2 घंटे का प्रवास रहेगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' और पहलगाम आतंकी हमले के बाद यह उनका पहला अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा होगा। इस दौरान वे 2183.45 करोड़ रुपए की 52 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जो न केवल वाराणसी, बल्कि पूरे पूर्वांचल के विकास को नई गति प्रदान करेंगी। इस अवसर पर वो कालिका धाम में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## पूरे पूर्वांचल की जनता को मिलेगा लाभ

पीएम मोदी जब भी वाराणसी का दौरा करते हैं, काशी वासियों को बड़ी सौगात देते हैं। मगर इस दौरे पर प्रधानमंत्री द्वारा दी जाने वाली परियोजनाओं का लाभ न केवल वाराणसी, बल्कि पूर्वांचल की जनता को भी मिलेगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य वाराणसी और पूर्वांचल में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, शहरी विकास और सांस्कृतिक धरोहर को मजबूती देना है। पीएम मोदी अलग-अलग क्षेत्रों के लिए करीब 14 परियोजनाओं का लोकार्पण और 38 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

# विस सत्र 22 से, विधायकों को 10,000 मेडिकल भत्ता, महिलाओं को जल्द मिलेंगे 2100 प्रति माह

- कर्मियों के लिए ऐलान ग्रुप बी नियमों में संशोधन नए पद शामिल उप निदेशक भर्ती में अब यूजीसी-नेट जरूरी नहीं, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन नियम भी बदले गए



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को कई अहम फैसले लिए गए हैं। बैठक में कुल 21 एजेंडे रखे गए थे, इनमें से 17 पर मंत्रिमंडल ने मुहर लगा दी। बैठक के बाद सीएम सैनी फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र 22 अगस्त से बुलाया गया है। विस सदस्यों 60 से ज्यादा आयु वालों को 10,000 रुपये प्रतिमाह मेडिकल भत्ता देने पर भी मुहर लगाई है। बैठक में कर्मचारियों से जुड़े तीन अहम फैसले लिए हैं। अब ग्रुप-बी की नौकरियों के नियमों में बदलाव किया गया है और कुछ नए पदों को भी इन नियमों में शामिल किया है। साथ ही उप निदेशक के पद पर सीधी भर्ती के लिए अब यूजीसी-नेट की योग्यता अनिवार्य नहीं रहेगी। ये तीनों मांगें काफी समय से कर्मचारी सरकार से कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पहले भी कर्मचारियों के हित में फैसले लेती रही है और आगे भी ऐसा करती रहेगी। इसके अलावा संविदा पर लगे कर्मियों को लेकर एसओपी पर भी मुहर लगा दी गई है, जिसका काफी दिनों से इंतजार किया जा रहा था। पंचकूला एग्रो माल में आवंटित दुकानों को लेकर भी अलाटियों को थोड़ी राहत प्रदान कर दी गई है। बैठक में विधानसभा (सदस्यों को चिकित्सा सुविधाएं) नियम, 1988 में संशोधन को मंजूरी दी। संशोधन के अनुसार, 60 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों को 10 हजार प्रतिमाह की दर से चिकित्सा भत्ता देने का प्रावधान किया

## 1.20 लाख कच्चे कर्मचारियों को नौकरी की सुरक्षा

- संविदा कर्मियों यानी हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत लगे कर्मचारियों के लिए एसओपी मंजूर। 1.20 लाख कच्चे कर्मचारियों को रिटायरमेंट तक जॉब की सिक्योरिटी दी जाएगी।
- कैबिनेट ने 22 अगस्त से विधानसभा का मानसून सत्र किया है। ये कितने दिन का होगा, इसका फैसला बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में किया जाएगा।
- हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रुप बी सेवा नियम, 1997 में संशोधनों को मंजूरी। संशोधनों में पदों के नामकरण, वेतनमान, शैक्षणिक योग्यता में परिवर्तन तथा विभागीय सेवा नियमों में नवसृजित पदों को शामिल करना शामिल है।
- बाल विकास परियोजना अधिकारी (महिला) व कार्यक्रम अधिकारी (महिला) के पदों का आधिकारिक नाम बदलकर क्रमशः महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी (महिला) और जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला) किया।

### नाबार्ड से 1,850 करोड़ का कर्ज

- एनआईडीए (नाबार्ड अवसंरचना विकास सहायता) योजना के अंतर्गत नाबार्ड से 1,850 करोड़ रुपये के सावधि ऋण के लिए राज्य सरकार की गारंटी बढ़ाने को स्वीकृति प्रदान की गई।
- यह ऋण अंतर्राष्ट्रीय बागवानी विपणन निगम लि. (एचआईएचएमसीएल) द्वारा गन्नौर में संचालित भारत अंतर्राष्ट्रीय बागवानी बाजार (आईआईएचएम) के विकास में सहायता करेगा।
- गन्नौर स्थित आईआईएचएम परियोजना को बागवानी उत्पादों के लिए एक अखिल भारतीय आधुनिक टर्मिनल बाजार के रूप में योजनाबद्ध किया है और इसे "राष्ट्रीय महत्व का बाजार" घोषित किया गया है।
- सत्र न्यायालय, रोहतक द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में, अनुसूचित जाति की एक मृतक महिला के आश्रित पुत्र को अनुकंपा आधार पर नियुक्ति प्रदान करने को घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

### खनिज से भरे वाहनों पर 80 रुपये प्रति मीट्रिक टन शुल्क

अंतर-राज्यीय पारगमन पास (आईएसटीपी) ढांचे के कार्यान्वयन हेतु अध्याय 15 में नियम 98ए के उप-नियम 14 में संशोधन को मंजूरी दी गई। हरियाणा माइनर मिनरल कन्सेशन, स्टॉकिंग, ट्रांसपोर्टेशन ऑफ़ मिनरल्स एंड प्रिवेंशन ऑफ़ इल्लीगल माइनिंग रूल्स ,2012 के रूल्स 9(5) एंड 10(3) के अंतर्गत रॉयल्टी दरों के संशोधन को मंजूरी दी गई। अब सभी खनिज से लदे वाहनों और राज्य के बाहर के स्थानों पर खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों पर अब 80 रुपये प्रति मीट्रिक टन शुल्क लगेगा।

### जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र में नहीं होगी गड़बड़ी

हरियाणा जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन रूल, 2025 को मंजूरी दी गई। ये नियम राज्य के रजिस्ट्रेशन सिस्टम को हाईटेक बनाने के लिए किया जाएगा। अब जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र में लोग गड़बड़िया नहीं कर पाएंगे। अभी तक कई लोग कागजों में गड़बड़ी कर या अधिकारियों से मिलीभगत कर जन्म और मृत्यु की डेट में बदलाव कर लाभ प्राप्त कर लेते थे।

### हरियाणा सिख गुरुद्वारा (प्रबंधन) अधिनियम, 2014 में संशोधन

सिख गुरुद्वारों के प्रबंधन से जुड़े कानूनी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु हरियाणा सिख गुरुद्वारा (प्रबंधन) अधिनियम, 2014 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इन संशोधनों का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, न्यायिक निगरानी सुनिश्चित करना और गुरुद्वारा संपत्तियों की घोषणा एवं प्रशासन के लिए स्पष्ट संरचना उपलब्ध कराना है। मुख्य बदलावों में अधिनियम की धारा 17(2)(सी) को हटाया गया है।

## पेज एक का शेष

### उपराष्ट्रपति पद के ...

का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। इसमें राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम की बात करें तो 1974 के नियम 40 के अनुपालन में निर्वाचन आयोग को इस निर्वाचक मंडल के सदस्यों की एक अद्यतन सूची, उनके नवीनतम पते सहित, तैयार करने और बनाए रखने का अधिकार है। इससे पहले चुनाव आयोग ने बताया था कि उसने उप राष्ट्रपति चुनाव, 2025 के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। इन सदस्यों को एक सतत क्रम में सूचीबद्ध किया गया है। सभी सदस्यों को वर्णमाला क्रम में उनके संबंधित सदनों के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के आधार पर व्यवस्थित किया गया है।

### अमेरिका संग ...

देश है। राजधानी में 1 अगस्त को हुई मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति की एक दिन भारत द्वारा पाकिस्तान से तेल खरीदने के बयान पर कोई टिप्पणी करने से साफ इंकार कर दिया।

**69 देशों में एशियाई देशों पर इतना टैरिफ** : ट्रंप के 7 अगस्त से क्रियान्वित होने वाले टैरिफ आदेश के मुताबिक, भारत से द्विपक्षीय व्यापार पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। जबकि इसमें अन्य एशियाई देशों में शामिल बांग्लादेश पर 20 फीसदी, अफगानिस्तान पर 15 फीसदी, पाकिस्तान पर 19 फीसदी, श्रीलंका 20 फीसदी, म्यांमार पर 40 फीसदी, जापान पर 15 फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। इस सूची में सबसे ज्यादा 41 फीसदी टैरिफ सीरिया पर लगाने की घोषणा की गई है।

### अमेरिका से एफ-35...

**एयरो इंडिया शो में भरी थी उड़ान** : अमेरिका के एफ-35 और रूस के सु-57 लड़ाकू विमान पहली बार भारत की धरती पर इस साल की शुरुआत में बेंगलुरु में हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैमानिकी शो एयरो इंडिया-2025 में एक साथ नजर आए थे। इतना ही नहीं दोनों ने बेंगलुरू के आसमान को अपनी हवाई गर्जना से गुंजायमान करते हुए अपने युद्ध कौशल को भी सबके सामने प्रदर्शित किया था।

### तत्कालीन कांग्रेस...

कि झूठा केस बनाकर सरसंघचालक मोहन भागवत को गिरफ्तार करे और भगवा आतंकवाद का फर्जी नैरेटिव बनाएं। डॉ. पात्रा ने कहा कि 2008 में हुए मालेगांव बम विस्फोट को लेकर विशेष एनआईए अदालत ने जो फैसला सुनाया, उसके तहत सात निर्दोषों को कल रिहा किया गया। देश में कांग्रेस सरकार ने 'भगवा आतंकवाद' का नैरेटिव फैलाने की कोशिश की, और विशेष रूप से "गांधी परिवार" हिंदुओं को अपमानित चाहता था। यह सब तुष्टिकरण राजनीति और वोटबैंक के लालच का नतीजा था। गांधी परिवार की तीव्र इच्छा रही है कि सनातन संस्कृति और हिंदू समाज पर कुठाराघात किया जाए। कल मालेगांव विस्फोट मामले पर अदालत के फैसले ने कांग्रेस द्वारा गढ़ा हुए नैरेटिव को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। लेकिन इस मामले से जुड़े दो नए घटनाक्रम आज सामने आए हैं, दोनों ही राजनीतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पहला, मालेगांव बम धमाके की जांच करने वाली एटीएस के एक अधिकारी महबूब मुजावर ने एक बड़ा खुलासा किया है। यह खुलासा चौंकाने वाला है और जांच की दिशा पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। दूसरा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण का दिए गए बयान कांग्रेस की पुरानी सोच और मौजूदा मानसिकता को उजागर करता है। उन्होने कहा कि पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने भी कांग्रेस के एक सम्मेलन में 'भगवा आतंकवाद' शब्द का इस्तेमाल किया था और इसके बारे में पूछे जाने पर उन्होंने यह माना कि उन्होंने पार्टी आलाकमान के कहने पर इस शब्द का प्रयोग किया। भाजपा सांसद ने कहा कि मालेगांव ब्लास्ट मामले में 17 वर्षों तक निर्दोष लोगों को झूठे केस में फंसाया गया और अब, 17 वर्षों बाद उन्हें न्याय मिला है। इन निर्दोष लोगों में सेना के अधिकारी हैं, एक साध्वी हैं और एक संत भी हैं, अर्थात कांग्रेस पार्टी ने सेना, संत, सनातन और संविधान चारों पर एक साथ निशाना साधा था।

### निमिषा प्रिया की ...

अदालत ने दोषी ठहराया था और बाद में इस फैसले पर शीर्ष अदालत ने अपनी सहमति की मुहर लगा दी थी। बाद में फांसी के लिए 16 जुलाई की तारीख तय की गई। लेकिन इससे ठीक पहले भारत सरकार के प्रयासों के जरिए सजा को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है।

**हवा-हवाई साबित हुआ मुसलियार का दावा** : पूर्व में भारत के मुस्लिम धर्मगुरु कंथापुरम एपी मुसलियार ने यह दावा किया था कि उनके दखल की वजह से निमिषा प्रिया को 16 जुलाई को यमन में दी जाने वाली फांसी की सजा को फिलहाल टाल दिया गया है। उनके केरल स्थित कार्यालय ने एक बयान जारी कर इस संबंध में बकायदा दावा भी किया था। लेकिन अब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के बयान के बाद मामले पर तस्वीर पुनः पूरी तरह से साफ हो गई है। पहले मंत्रालय ने इस संबंध में अनौपचारिक बयान जारी कर भारत के रुख को साफ किया था।

**मामले पर कड़ी नजर** : रणधीर ने यह भी कहा कि मामले पर भारत की कड़ी निगरानी बनी हुई है। जिसमें संबंधित पक्षों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र के कुछ अन्य मित्र देशों के साथ भी भारत द्वारा संपर्क साधा गया है। यमन की राजधानी सना हूती विद्रोहियों से घिरी हुई है। वहां पर वर्तमान में भारत की कोई राजनयिक उपस्थिति नहीं है। ऐसे में जरूरी सहायता कार्य को संभवतः सऊदी अरब में मौजूद राजनयिक सुविधाओं के मार्फत आगे बढ़ाया जा रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूर में...

**आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति** : बताते चलें कि पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान की शह पर भारत के खिलाफ आतंकी हमले करने वाले लश्कर के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट यानी टीआरएफ के आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। जिसमें भारत के 25 और एक नेपाल का नागरिक शामिल था। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से पाकिस्तान को इस हमले को लेकर करारा जवाब दे दिया है। साथ ही ये उसे ये भी बता दिया है कि देश का यह अभियान अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इस पर फिलहाल अस्थायी विराम लगाया गया है। नई सोच के साथ आतंकवाद के विरूद्ध भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति जस की तस बरकरार है।

**नवाचार बढ़ाने पर दिया जोर** : राजनाथ ने कहा कि आज के दौर में बदलती हुई सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से मजबूती और नवीनता की भावना के साथ हमें नवाचारों को बढ़ाने पर जोर देते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जटिल सुरक्षा परिदृश्य के बीच पूरा देश युद्ध लड़ता है। लेकिन इसमें केवल सैन्य बल ही शामिल नहीं होते हैं। ऐसे में हमें किसी भी तरह की लापरवाही या गलती की कोई गुंजाइश नहीं छोड़नी चाहिए। उन्होंने नागरिक सेवाओं को मजबूत सैन्य तंत्र की आधारशिला बताते हुए कहा, रक्षा मंत्रालय के लिए वायुसेना मुख्यालय सेवाएं एक संस्थागत स्मृति के रूप में कार्य करती हैं। यह प्रशासन में स्थिरता, क्षेत्र विशेषज्ञता और एकरूपता प्रदान करती है। साथ ही नीतिगत निरंतरता और नागरिक-सैन्य तालमेल स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जो एक आधुनिक और एकीकृत राष्ट्रीय रक्षा प्रणाली का एक मजबूत स्तंभ है।

### 'लीगल कॉन्क्लेव' में...

संरक्षकों के रूप में यह हमारा दायित्व है कि हम कानून के शासन को बनाए रखें, संस्थाओं की गरिमा को सशक्त करें और लोकतंत्र के मूल मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। यह कॉन्क्लेव केवल विधि विशेषज्ञों का सम्मेलन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विमर्श और वैचारिक पुनरावलोकन का एक मंच है। डॉ. सिंघवी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य किसी दलगत राजनीति को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक नैतिकता, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक जवाबदेही के आधार पर देश के भविष्य की दिशा तय करने हेतु संवाद को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विधि विभाग संविधान में निहित मूल्यों की रक्षा और प्रवर्तन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह कॉन्क्लेव उन सभी नागरिकों, विधिज्ञों और चिंतकों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा, जो भारत को एक लोकतांत्रिक, बहुलतावादी, समावेशी और संवैधानिक गणराज्य बनाए रखने की सोच रखते हैं।




## चिंतन

# अदालतों में बेनकाब हो रही जांच एजेंसियों की विफलताएं

क्या हमारी जांच एजेंसियां कॉम्पिटेंट नहीं रह गई हैं। मुंबई सीरियल ब्लास्ट और मालेगांव ब्लास्ट केस की जांच में जिस तरह आरोपित बरी हो गए, उससे लगता है कि पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी जैसी एजेंसियों ने सुबूत जुटाने में कानूनी बारीकियों पर ध्यान नहीं दिया। आखिर घटना तो घटी है। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में लोकल ट्रेन में सीरियल ब्लास्ट हुए थे, जिसमें 178 से अधिक लोग मारे गए थे, उसी तरह मालेगांव ब्लास्ट में भी 7 लोग मारे गए थे व 93 लोग घायल हुए थे। जिन मामले में आतंकी कनेक्शन हैं, उसकी जांच में भी ऐसी लापरवाही आखिर क्यों? ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है कि एनआईए, सीबीआई, एसआईटी जैसी विशेषज्ञ जांचकर्ता वाली एजेंसियां अपने काम में कोताही बरतती होंगी, या उन्हें तकनीकी जांच का तरीका नहीं मालूम है। इसके बाद भी अगर आतंकी कनेक्शन वाले ब्लास्ट केसों में आरोपित बरी हो जा रहे हैं, हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठेंगे ही। आखिर अदालतों में जांच एजेंसियों की विफलताएं क्यों बेनकाब हो रही है? करीब 17 वर्ष पहले 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें भगवा आतंकवाद का जुमला कांग्रेस की तरफ से उछला था। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने इस मामले में अभियुक्त रहीं बीजेपी की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर व कर्नल पुरोहित समेत सात लोगों को बरी कर दिया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश एके लाहोटी ने सभी अभियुक्तों को निर्दोष करार देते हुए कहा, 'यह एक अत्यंत गंभीर मामला है, जिसमें आम नागरिकों की जान गई, लेकिन अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए निर्णायक सबूत पेश नहीं कर पाया।' न्यायाधीश लाहोटी ने कहा, 'केवल शक के आधार पर आरोप सिद्ध नहीं किए जा सकते।' अदालत की टिप्पणी जांच एजेंसियों के कामकाज की कलई खोलती है। अदालत ने ऐसी ही सख्त टिप्पणी मुंबई सीरियल ब्लास्ट केस में भी सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए की थी। मालेगांव ब्लास्ट किसने करवाया, 17 साल बाद भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं मिला है। इसी तरह मुंबई सीरियल ब्लास्ट के गुनहगारों का भी पता नहीं लगाया जा सका है। एक ही महीने में आए इन दो फ़ैसलों ने जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मालेगांव का मामला इसलिए भी अधिक संवेदनशील और राजनीतिक रूप से बड़ा बन गया, क्योंकि पहली बार ऐसी घटना में हिंदुत्ववादी संगठनों से जुड़े लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। इसके अलावा, लेफ़्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को भी धमाके की साज़िश के आरोप में अभियुक्त बनाया गया था। वे उस समय भारतीय सेना में कार्यरत थे। ऐसा इससे पहले कभी नहीं हुआ था। अभी कुछ ही दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सुप्रीम कोर्ट ने उसकी कार्यप्रणाली व कनविक्शन रेट को लेकर फटकार लगाई थी। ऐसा लग रहा है कि जांच एजेंसियां गंभीरता से तथ्यों के आधार पर काम नहीं कर रही हैं, परसेप्शन व शक को अधिक तरजीह दे रही हैं, शायद इसलिए केस अदालतों में नहीं ठहर रहे हैं। सरकार की ओर से लोकसभा में दिए गए आंकड़े के मुताबिक, ईडी की सफलता दर सिर्फ 0.13 फीसदी है 5892 मामले दर्ज किए, जिसमें 77% में साक्ष्य नही और केवल 8% दोषी करार दिए गए। पिछले दस सालों में ईडी ने राजनेताओं के खिलाफ 193 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से केवल दो में ही केस बने। जांच एजेंसियों को आत्मावलोकन करना चाहिए और मुंबई-मालेगांव ब्लास्ट के दोषियों का पता लगाना चाहिए।



रूस त्रासदी
प्रमोद भार्गव

# भूकंप-सुनामी दे रहे खतरनाक संदेश

> रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

तीन साल से भी अधिक समय से यूक्रेन से युद्ध लड़ रहे रूस में 8.8 तीव्रता के भीषण भूकंप ने नई त्रासदी खड़ी कर दी है। रूस के पूरब में स्थित कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई 2025 को आए भूकंप के झटकों से कामचटका और उसके आसपास कुरील द्वीप समूह के भूखंड हिल गए। इसे विश्व में आए सबसे तीव्र भूकंपों में दर्ज किया गया है। इस प्राकृतिक आपदा से भारी नुकसान और अनेक लोगों के घायल होने की सूचनाएं हैं, इसके असर से प्रायद्वीप के समुद्र तटों से 16 फीट ऊंची सुनामी जैसी लहरें टकराईं, जिससे तटीय इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। इसकी तुलना मार्च 2011 में जापान में आए 9.0 तीव्रता के भूकंप से की जा रही है। इसे समुद्री सुनामी कहा गया था। इस सुनामी से जापान के फुकुशिमा, दाइची परमाणु ऊर्जा संयंत्र का कूलिंग सिस्टम निष्क्रिय करना पड़ा था। कामचटका में चार नवंबर 1992 को आए 9.0 तीव्रता के भूकंप के कारण भारी क्षति हुई थी। इस भूकंप से जनहानि इसलिए नहीं होने पाई, क्योंकि भूकंप क्षेत्र से रूस का बड़ा शहर पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्सकी लगभग 119 किमी की दूरी पर है। यहां की आबादी 18 लाख हैं।

भूकंप के बाद आने वाली सुनामी के खतरे से जापान, चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, अमेरिका और प्रशांत महासागर के तटवर्ती देशों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जापानी और अमेरिकी भूकंप वैज्ञानिकों ने बताया कि इस भूकंप की आरंभिक तीव्रता 8.0 थी, किंतु अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस तीव्रता का आकलन 8.8 किया और इसे 20.7 किमी भू-गर्भ से आना बताया है। अलास्का स्थित राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केन्द्र के समन्वयक डेव स्नाइडर का कहना है कि सुनामी जैसी लहरों का प्रभाव कई घंटों या एक दिन से भी अधिक समय तक रह सकता है। सुनामी एक विमान की गति से सैकड़ों मील प्रति घंटे की रफ्तार से समुद्र पार करती है। किंतु जब लहरें किनारे के निकट पहुंचती हैं, तब उनकी गति धीमी पड़ जाती है। किंतु किनारे पर इनके एकत्रीकरण से जल प्रलावन की आशंका बढ़ जाती है। इस कारण पानी की ये लहरें धरती पर पहुंचती हैं और आगे- पीछे होती रहती हैं। दुनिया के नामचीन विशेषज्ञों व पर्यावरणविदों की मानें तो सभी भूकंप प्राकृतिक नहीं होते, बल्कि उन्हें विकराल बनाने में हमारा भी हाथ होता है। प्राकृतिक संसाधनों के अकूत दोहन से छोटे स्तर के भूकंपों की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। भविष्य में इन्हीं भूकंपों की व्यापकता और विकरालता बढ़ जाती है। यही कारण है कि भूकंपों की आवृत्ति बढ़ रही है। भूकंपों का वैज्ञानिक आकलन करने से यह भी पता चला है कि भूकंपीय विस्फोट में जो ऊर्जा निकलती है उसकी मात्रा भी पहले की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली हुई है। 25 अप्रैल 2015 को नेपाल में जो भूकंप आया था, उनसे 20 थर्मान्यूक्लियर हाइड्रोजन बमों के बराबर ऊर्जा निकली थी। यहां हुआ प्रत्येक विस्फोट हिरोशिमा-नागाशाकी में गिराए गए परमाणु बमों से भी कई गुना ज्यादा ताकतवर था। 2011 में जापान और फिर क्योटो में आए सिलसिलेवार भूकंपों से पता चलता है कि धरती के गर्भ में अंगड़ाई ले रही भूकंपीय हलचलें महानगरीय आधुनिक विकास और आबादी के लिए अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। ये हलचलें भारत, पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की धरती के नीचे भी



अंगड़ाई ले रही हैं। इसलिए इन देशों के महानगर भी भूकंप के मुहाने पर हैं। जापान, इक्वाडोर और नेपाल समेत पूरी दुनिया इस अभिशाप को झेलने के लिए जब-तब विवश होती रही है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि विज्ञान की आश्चर्यजनक तरक्की के बाद भी वैज्ञानिक आज तक ऐसी तकनीक ईजाद करने में असफल रहे हैं, जिससे भूकंप की जानकारी आने से पहले मिल जाए। भूकंप के लिए जरूरी ऊर्जा के एकत्रित होने की प्रक्रिया को धरती की विभिन्न परतों के आपस में टकराने के सिद्धांत से आसानी से समझा जा सकता है। ऐसी वैज्ञानिक मान्यता है कि करीब साढ़े पांच करोड़ साल पहले भारत और आस्ट्रेलिया को जोड़े रखने वाली भूगर्भीय परतें एक-दूसरे से अलग हो गईं और वे यूरेशिया परत से जा टकराईं। इस टक्कर के फलस्वरूप हिमालय पर्वतमाला अस्तित्व में आई और धरती की विभिन्न परतों के बीच वर्तमान में मौजूद दरारें बनीं। हिमालय पर्वत उस स्थल पर अब तक अटल खड़ा है,जहां पृथ्वी की दो अलग-अलग परतें परस्पर टकराकर एक-दूसरे के भीतर घुस गई थीं। परतों के टकराव की इस प्रक्रिया से हिमालय और उसके प्रायद्वीपीय क्षेत्र में भूकंप आते रहते हैं। इसी प्रायद्वीप में ज्यादातर एशियाई देश बसे हुए हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रासायनिक क्रियाओं के कारण भी भूकंप आते हैं। भूकंपों की उत्पत्ति धरती की सतह से 30 से 100 किमी भीतर होती है। जापान के कुमामोतो में आया भूकंप जमीन से 20 किमी और क्योटो का 10 किमी नीचे था। जबकि नेपाल में जो भूकंप आया था, वह जमीन से महज 15 किमी नीचे था। इससे यह वैज्ञानिक धारणा भी बदल रही है कि भूकंप की विनाशकारी तरंगें जमीन से कम से कम 30 किमी नीचे से चलती हैं। ये तरंगें जितनी कम गहराई से उठेंगी, उतनी तबाही भी ज्यादा होगी और भूकंप का प्रभाव भी कहीं अधिक बड़े क्षेत्र में दिखाई देगा। लगता है अब कम गहराई के भूकंपों का दौर चल पड़ा है। दरअसल, सतह के नीचे धरती की परत ठंडी होने व कम दबाव के कारण कमजोर पड़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब चट्टानें दरकती हैं तो भूकंप आता है। कुछ भूकंप धरती की सतह से 100 से 650 किमी के नीचे भी आते हैं,लेकिन तीव्रता धरती की सतह पर आते-आते कम हो जाती है,इसलिए बड़े रूप में त्रासदी नहीं झेलनी पड़ती है। दरअसल इतनी गहराई में धरती इतनी गर्म होती है कि एक तरह से वह द्रव रूप में बदल जाती है। इसलिए इसके झटकों का असर धरती पर कम ही दिखाई देता है। धरती की इतनी गहराई से प्रगट हुआ सबसे बड़ा भूकंप 1994 में बोलिविया में रिकॉर्ड किया गया है। पृथ्वी की सतह से 600 किमी भीतर दर्ज इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.3 मापी गई थी। इसीलिए यह मान्यता बनी है कि इतनी गहराई से चले भूकंप धरती पर तबाही मचाने में कामयाब नहीं हो सकते हैं, क्योंकि चट्टानें तरल द्रव्य के रूप में बदल जाती हैं। प्राकृतिक आपदाएं अब व्यापक व विनाशकारी साबित हो रही हैं, क्योंकि धरती के बढ़ते तापमान के कारण वायुमंडल भी परिवर्तित हो रहा है।

यूरोपीय देशों में दो शताब्दियों के भीतर बेतहाशा अमीरी बढ़ी है। औद्योगिकीकरण और शहरीकरण इसी अमीरी की उपज है। यह कथित विकासवादी अवधारणा कुछ और नहीं, प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन कर, पृथ्वी को खोखला करने के ऐसे उपाय हैं, जो ब्रह्मांड में फैले अवयवों में असंतुलन बढ़ा रहे हैं। नतीजतन जो कॉर्बन गैसें बेहद न्यूनतम मात्रा में बनती थीं, वे अब अधिकतम मात्रा में बनने लगी हैं। धरती पर पड़ने वाली सूरज की गर्मी प्रत्यावर्तित होने की बजाय, धरती में ही समाने लगी है। गोया, धरती का तापमान बढ़ने लगा, जो जलवायु परिवर्तन का कारण तो बना ही, प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी बन रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अर्थव्यवस्था
राजेश माहेश्वरी



# डिजिटल भुगतान से आर्थिक विकास को मिली नई गति

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की ओर से हाल ही में जारी किए गए एक नोट, 'बढ़ता रिटेल डिजिटल भुगतानः इंटरऑपरेबिलिटी का महत्व' के अनुसार, भारत तेज भुगतान में ग्लोबल लीडर बनकर उभरा है। इस बदलाव का मूल आधार एकीकृत भुगतान इंटरफेस है, जिसे यूपीआई के नाम से जाना जाता है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 2016 में लॉन्च किए गए यूपीआई ने देश में लोगों के पैसे भेजने और प्राप्त करने के तरीके को बदल दिया है। आज, भारत में यूपीआई के माध्यम से हर महीने 18 बिलियन से अधिक ट्रांजेक्शन होते हैं। यूपीआई अब केवल एक भुगतान प्रणाली नहीं है। यह सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में नवाचार के लिए एक वैश्विक मानक है। आज यूपीआई का स्तर उल्लेखनीय है। अकेले जून 2025 में, इसने 24.03 लाख करोड़ रुपये से अधिक के भुगतान किए। इसके जरिए 18.39 बिलियन ट्रांजेक्शन किए गए। बीते साल इसी महीने 13.88 बिलियन लेन-देन की तुलना में हुई यह प्रगति स्पष्ट है। केवल एक साल में इसमें लगभग 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यूपीआई प्रणाली अब 491 मिलियन लोगों और 65 मिलियन कारोबारियों को सेवाएं देती है। यह 675 बैंकों को एक ही मंच पर जोड़ती है, जिससे लोग बिना किसी चिंता के आसानी से भुगतान कर सकते हैं कि वे किस बैंक का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत के डिजिटल भुगतान का दायरा अभूतपूर्व वृद्धि के साथ पूरी दुनिया में अग्रणी बन चुका है। इस डिजिटल भुगतान की लहर ने विशेष रूप से वंचित एवं ग्रामीण समुदायों के वित्तीय लेनदेन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। मोदी सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया-एनपीसीआई, फिनटेक कंपनियों, बैंकों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खास तौर पर टियर-2 और टियर-3 शहरों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू और कश्मीर जैसी पिछड़े और संवेदनशील क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती करने के लिए 2021 में आरबीआई ने पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड- पीआईडीएफ की स्थापना की। अब तक इस फंड के माध्यम से लगभग 4.77 करोड़ डिजिटल टच पॉइंट देशभर में तैनात किए जा चुके हैं। ये टच पॉइंट डिजिटल भुगतान की सुविधाओं को छोटे से छोटे गांव, कस्बा, सरकारी दफ्तर और व्यापारी केंद्रों तक पहुंचाने में सहायक हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान की प्रगति को मापने के लिए डिजिटल भुगतान सूचकांक यानी आरबीआई—डीपीआई विकसित किया है, जो हर छह महीने में प्रकाशित होता है। यह सूचकांक मार्च 2025 तक 493.22 पर पहुंच गया, जो देशभर में डिजिटल भुगतान के अपनाने, बुनियादी ढांचे और प्रदर्शन में निरंतर बढ़ोत्तरी को दर्शाता है। यह संकेत है कि भारत का डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से सशक्त हो रहा है। यूपीआई की मदद से लाखों छोटे विक्रेता डिजिटल भुगतान स्वीकार कर पा रहे हैं, जिससे नकद लेनदेन की निर्भरता कम हो रही है। इसके अलावा, छोटे व्यापारियों के लिए कम-मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देना, टीआरईडीएस के माध्यम से छूट देने की व्यवस्था और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए व्यापारी छूट दर को युक्तिसंगत बनाना जैसे कदम डिजिटल भुगतान को अधिक सुलभ और लाभकारी बना रहे हैं। यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान का सबसे लोकप्रिय और व्यापक रूप से उपयोग किया जाने वाला माध्यम बना हुआ है। डिजिटल भुगतान की इस तेजी के साथ भारत ने खुद को एक अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी के रूप में स्थापित कर लिया है। डिजिटल रुपया और अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतान नेटवर्क के विकास से वित्तीय लेनदेन अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और त्वरित होंगे। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म्स को और देश-विदेश में विस्तार देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे भारत एक ग्लोबल डिजिटल पेमेंट हब बन सके। भारत यूपीआई को ब्रिक्स समूह में एक मानक बनाने के लिए भी प्रयास कर रहा है। अगर ऐसा होता है, तो इससे रिमिटेंस में सुधार होगा, वित्तीय समावेशन में तेजी आएगी और डिजिटल भुगतान में वैश्विक तकनीकी अग्रणी के तौर पर भारत की छवि मजबूत होगी। भारत के डिजिटल भुगतान सशक्तिकरण ने न केवल आर्थिक लेनदेन को सरल बनाया है, बल्कि गरीब और पिछड़े वर्गों को भी वित्तीय दुनिया का हिस्सा बनाया है। यह डिजिटल इंडिया की सफलता की कहानी है, जो रोजाना करोड़ों नागरिकों की जिंदगी में सुधार लाकर भारत के आर्थिक विकास में योगदान दे रही है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
## दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।


# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित
## प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती हो

नाबालिग वाहन चालकों के लिए सख्ती होना चाहिए। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पुलिस पकड़ लेती है तो इसके लिए सख्त कानून का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस कानून के तहत लगभग 25 हजार जुर्माना और लगभग तीन साल की सजा का भी प्रावधान है। हालांकि सरकार और प्रशासन इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाए। स्कूलों में इसके लिए बच्चों को जागरूक भी किया जाए और स्कूलों से विद्यार्थियों के माता-पिता को इसके लिए नोटिस भी भेजे जाए कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। दोपहिया वाहन एक्सीडेंट का आंकड़ा भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। दोपहिया वाहन, मोटरसाइकिल, स्कूटर या फिर एक्टिवा चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अपनी जान की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है, न कि चालान के डर से। – कुणाल सिंह ठाकुर

## करंट अफेयर

# रूस के हमले में 31 लोगों की मौत के बाद कीव में शोक दिवस


**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में पांच बच्चों समेत 31 लोगों की मौत के एक दिन बाद शुक्रवार को शहर में आधिकारिक शोक दिवस मनाया गया। इस हमले में 150 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि बृहस्पतिवार के हमलों में सबसे कम उम्र का पीड़ित दो वर्ष का था, तथा घायलों में 16 बच्चे शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2022 में शहर पर हवाई हमले शुरू होने के बाद से कीव पर एक ही हमले में मारे गए और घायल हुए बच्चों की यह सबसे अधिक संख्या है। अधिकारियों ने बताया कि रूसी बमबारी से शहर में नौ मंजिला आवासीय इमारत का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया जबकि 100 से अधिक अन्य इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिनमें घर, स्कूल, किंडरगार्टन, चिकित्सा सुविधाएं और विश्वविद्यालय शामिल हैं। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बाद नागरिक क्षेत्रों पर हमले बंद करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित पश्चिमी नेताओं के आह्वान को नजरअंदाज करते हुए रूस ने हाल के महीनों में यूक्रेनी शहरों पर अपने हमलों को बढ़ा दिया है। जेलेंस्की ने कहा कि जुलाई में रूस ने यूक्रेन के खिलाफ 5,100 से ज्यादा ग्लाइड बम, 3800 से ज्यादा ड्रोन और विभिन्न प्रकार की लगभग 260 मिसाइलें दागी थीं, जिनमें से 128 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं।



## ऑफ बीट

# नजरें मिलते ही भांप जाता, कुत्ता पढ़ सकता है आपका दिमाग

**लंदन।** कुत्ते एक शानदार साथी होते हैं क्योंकि आपने गौर किया होगा कि जब आप रो रहे होते हैं तो वे अपने सिर को थोड़ा झुका कर आपको सांत्वना दे रहे होते हैं... जब आप तनाव में होते हैं तो वे दबे पांव आपके समीप आ जाते हैं और जब आप बहुत परेशानी में होते हैं तो वे आपका कभी साथ नहीं छोड़ते। मनुष्य और कुत्ते के हजारों वर्षों के साथ का यह नतीजा है कि वे हमारी आवाज, चेहरे के भावों, यहां तक हमारे मस्तिष्क की रासायनिक गतिविधियों के साथ सामंजस्य कायम कर लेते हैं। लंदन साउट बैंक यूनिवर्सिटी ने अपने नए रिसर्च के बाद यह दावा किया है। यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता प्रोफेसर लौरा एलिन पिगॉट ने बताया, जब आपके कुत्ते के साथ आपकी आंख मिलती है तो उसे यह भांपने में चंद सेकेंड भी नहीं लगते है कि आपके भीतर कौन सी भावनाएं उत्पन्न हो रही हैं। यदि आप अपने कुत्ते को देखकर खुश होते हैं तो इस खुशी के कारण भी आपके मस्तिष्क में प्रेम करने वाले हार्मोन अर्थात ऑक्सीटोसिन का स्राव होने लगता है। इस असाधारण मनोवैज्ञानिक बुद्धिमत्ता का आगाज मस्तिष्क से ही होता है। कुत्ते के दिमाग में चंद ऐसे क्षेत्र होते हैं जो मानव की तरह आवाजों को लेकर संवेदनशील होते हैं।



## ट्रेंड

### खाद्य सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



देशभर के अन्नदाताओं के कल्याण और खाद्य सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में आज प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के बजट को बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। इससे खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर को बढ़ावा मिलने के साथ ही हमारे किसान भाई-बहनों की आय भी बढ़ेगी।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### तिलक को श्रद्धांजलि



देश की स्वाधीनता हेतु अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले 'लोकमान्य' बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उनके तेजस्वी विचार सभी देशवासियों को राष्ट्र सेवा एवं समाज उत्थान के कार्यों के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### शुरुआत अपने घर से



बड़े बदलाव की शुरुआत हमेशा अपने घर से ही करनी होती है और हमने यही किया है। आज पहले महिला एवं बाल विकास विभाग को साफ़ किया, कर्मचारियों को जागरूक किया। क्योंकि जब हम खुद बदलाव को जीते हैं तभी समाज को प्रेरित कर सकते हैं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### नशा विरोधी पाठ्यक्रम



'युद्ध, नशे के विरुद्ध' अब सिर्फ़ नारा नहीं, एक जनआंदोलन बन चुका है। आज से पंजाब के स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए नशा विरोधी पाठ्यक्रम शुरू कर दिया गया है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पुणे में आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद बवाल

# हिंसक झड़प के बाद आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस ने किया लाठीचार्ज

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले के दौंड तालुका के यवत गांव में एक युवक की कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। गांव में एक सप्ताह पहले ही एक घटना हो चुकी थी, इसलिए वहां पहले से ही माहौल तनावपूर्ण था। पुलिस ने बताया कि गांव के लोग सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक इमारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इस घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस की टीम क्षेत्र में मौजूद है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। पुणे एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया कि यहां यवत गांव में दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अपने व्हाट्सएप/फेसबुक पर एक आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट किया है। शिकायत के बाद युवक को थाना लाया गया। गांव के प्रतिनिधियों के साथ बैठक शुरू की।

### दौंड तालुका के यवत गांव में भारी पुलिस बल तैनात, युवक हिरासत में





**पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले दागे**

दो समूहों के बीच झड़प के बाद पुलिस को कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पोस्ट अपलोड करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया गया है।

**लोग सड़कों पर उतरे पुलिस ने संभाला मोर्चा**

एसपी ने बताया कि गांव के लोग सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक इमारत में तोड़फोड़ का प्रयास किया। हालांकि, घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है और गांव में गश्त की जा रही है। स्थिति अभी शांतिपूर्ण है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी भी दी।

### समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट से तनाव बढ़ा

यवत इलाके में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया। पोस्ट के खिलाफ आक्रोश में आकर लोगों ने कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। 26 जुलाई को यवत के नीलकंठेश्वर मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसी को लेकर शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन हो रहा था। इस दौरान दो पक्षों में टकराव हुआ और तनाव की स्थिति बन गई।

#### दोनों गुटों की तरफ से पथराव

भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने गुरुवार को एक जनसभा भी की और उस समय तक हालात नियंत्रण में रहे, लेकिन आज बवाल तब हुआ, जब विशेष समुदाय से जुड़े एक युवक ने उस घटना का वॉट्सएप स्टेटस लगाया।

#### प्रदर्शनकारियों ने धार्मिक स्थल पर की तोड़फोड़

एसपी ने कहा कि लड़के को पुलिस स्टेशन लाया गया। कुछ गांव के लोग भी वहां पहुंच गए। एक सप्ताह पहले एक घटना घटी थी, इसलिए यहां स्थिति पहले से ही तनावपूर्ण थी। ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और कुछ युवकों ने एक ढांचे में तोड़फोड़ करने का प्रयास किया।

#### सीएम बोले: दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

इस घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गड़बड़ी फैलाने वालों पर सख्त कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक शख्स ने बहुत ही आपत्तिजनक स्टेटस लगाया था। हंगामे की वजह से पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा है।

---

## राहुल गांधी बनाम चुनाव आयोग

# एक ने कहा 'एटम बम' सुबूत है, दूसरे ने कहा, 'बेसलेस' 'इरिसपॉन्सिबल'

दोनों संवैधानिक पदों के बीच इन दिनों सार्वजनिक जंग छिड़ी चुनाव आयोग भी उसी अंदाज में राहुल गांधी के हर सवाल का जवाब जारी कर रहा है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पद वैसे ही संवैधानिक है जैसे चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और चुनाव आयुक्तों का पद संवैधानिक दायरे में है। दोनों संवैधानिक पदों के बीच इन दिनों सार्वजनिक जंग छिड़ी है। राहुल गांधी लगातार चुनाव आयोग पर आरोप चस्पां कर रहे हैं। चुनाव आयोग भी उसी अंदाज में राहुल गांधी के हर सवाल का जवाब जारी कर रहा है। बल्कि ज्यादा आक्रामक तरीके से जवाब तैयार किये जा रहे हैं। मीडिया को भेजे जा रहे हैं।

शुक्रवार को चुनाव आयोग पर राहुल गांधी ने फिर आरोप लगाया। बोले, आयोग 'वोट चोरी' में भाजपा का साथ दे रहा है और उसे रोकने के लिए 'ओपन एंड शट प्रूफ' (पूर्ण प्रमाण) भी मौजूद है। उन्होंने दावा किया कि अपने आरोपों को पुष्ट करने के लिए उनके पास जो सुबूत हैं वो 'एटम बम' की तरह है। वे यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र विस चुनाव में वोटों की चोरी की जांच में कोई मदद नहीं की। कांग्रेस पार्टी ने अपने बल पर छह महीने में जांच पूरी की और जो सत्य सुबूत के साथ सामने आया है वो चुनाव आयोग के खिलाफ एटम बम की तरह काम करेगा। राहुल गांधी ने कहा कि पिछले छह महीनों में कांग्रेस ने इस विषय पर गहन जांच की है, मध्य प्रदेश, लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में 10 मिलियन से अधिक वोटर जोड़े जाने की सूचनाएं मिलीं, राहुल गांधी ने कहा कि जो भी अधिकारी इस वोट लूट में शामिल हैं उन्हें रिटायर होने के बाद भी ढूंढ निकाला जाएगा।

लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा अब तक चुनाव आयोग के खिलाफ दिये गये बयानों में से सबसे खतरनाक बयान इसको माना जा रहा है। राहुल गांधी के बयान पर उतनी ही तीखी प्रतिक्रिया देते हुए चुनाव आयोग ने सभी आरोपों को 'बेसलेस' (सबूतहीन) और 'इरिपॉन्सिबल' (असंयमित) बताया। चुनाव आयोग ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह ऐसे बयान और दैनिक धमकियों को नजरअंदाज कर, अपने काम में निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रतिबद्ध बने रहें।

आयोग का कहना है कि राहुल गांधी को 12 जून को एक ई मेल और पत्र भेजा गया था, जिसमें चर्चा के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने प्रतिक्रिया नहीं दी। अभी तक, उन्होंने अभियोग या शिकायत के संबंध में किसी पत्राचार की शुरुआत नहीं की है। चुनाव आयोग ने साफ किया कि हवा में उछाले गए आरोप और खुली धमकियों के बावजूद सभी चुनाव अधिकारी बिना वचलित हुए काम कर रहे हैं।

उल्लखनीय है कि बिहार में चल रहे वोटर विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ विपक्षी दलों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया,वहां उसे रोके जाने पर सफलता हाथ नहीं लगी तो आरोपों पर सियासी मुलम्मा चढाकर संसद में हंगामा शुरू किया। इसके उलट चुनाव आयोग बिहार में तय कार्यक्रम के अनुसार वोटर्स पुनरीक्षण करने के बाद वोटर्स की लिस्ट जारी कर दी।

साथ ही बिहार के सभी मुख्यालयों में स्थानीय नेताओं के साथ शुक्रवार को बैठक कर उन्हें वोटर्स लिस्ट सौंप कर उनसे किसी तरह की शिकवा, शिकायत दर्ज करने या आपत्ति दर्ज करने को कहा गया है। कांग्रेस पार्टी और माले के जिलाध्यक्षों से बाकायदा चुनाव अधिकारियों ने वीडियो जारी करवाया, जिसमें विपक्ष के नेता बता रहे हैं कि वोटर्स लिस्ट आ गई है अब उसमें कोई सुधार, आपत्ति, जोड, घटाव करने को देखा जाएगा अधिकारियों को सूचित किया जाएगा। मतलब साफ है कि चुनाव आयोग सभी आरोपों का जवाब विपक्ष के मोहरों से ही देने की जुगत में है। विपक्ष इस मामले को और हवा देने के लिए रोजाना उठा रहा है।

### संवैधानिक संस्थाओं को धमका रहे राहुल गांधी

### भारत को बर्बाद अर्थव्यवस्था नहीं कह सकते: रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सदस्य भी गांधी की टिप्पणी की आलोचना कर रहे हैं, खासकर भारत को बर्बाद अर्थव्यवस्था बताने की उनकी टिप्पणी की। रिजिजू ने कहा कि राहुल की भारत विरोधी भाषा का विपक्ष के कई प्रमुख लोग भी विरोध कर रहे हैं। वे यह भी कहते हैं कि आप भारत को बर्बाद अर्थव्यवस्था नहीं कह सकते। यह तीखी टिप्पणी राहुलद्वारा भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर अपने हमले को तेज करने के कुछ ही दिनों बाद आई है, जिसमें उन्होंने भाजपा को फ़ायदा पहुंचाने के लिए मतदाता धोखाधड़ी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। गांधी ने कहा था कि कांग्रेस ने एसआईआर अभियान की छह महीने लंबी जांच की थी, जिसमें चुनाव आयोग की मिलीभगत का खुला और स्पष्ट सबूत सामने आया है। राहुल ने एसआईआर अभ्यास को लेकर फिर से चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास स्पष्ट सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनाव आयोग में जो भी इस अभ्यास में शामिल है, ऊपर से नीचे तक, हम आपको नहीं छोड़ेंगे। आप भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं और यह देशद्रोह से कम नहीं है। आप जहां कहीं भी हों, भले ही आप सेवानिवृत्त हों, हम आपको ढूंढ लेंगे।रिजिजू ने गांधी से अपनी भूमिका के अनुरूप जिम्मेदारी से काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि वह कोई छोटे बच्चे नहीं हैं। उन्हें विपक्ष के नेता की तरह व्यवहार करना चाहिए। रिजिजू ने विपक्ष पर जानबूझकर संसदीय कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए तर्क दिया कि इसका नुकसान अंततः विपक्षी सांसदों को ही हो रहा है। उन्होंने कहा, विपक्ष सदन को चलने नहीं दे रहा है। सबसे ज़्यादा नुकसान विपक्षी सांसदों को हो रहा है, जो जनता के मुद्दे नहीं उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के उपसभापति, दोनों ने स्पष्ट कर दिया है कि चर्चा संसदीय नियमों के दायरे में ही होनी चाहिए। मंत्री ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है जब राहुल संवैधानिक संस्थाओं को धमका रहे हैं। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की एक बड़ी साज़िश है। यह बेहद ख़तरनाक व्यवहार और रवैया है। विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की कुत्सित योजना चला रहा है। यह लोकतंत्र पर हमला है, यहां तक कि विपक्षी दल के नेता भी राहुल का आंतरिक विरोध करने लगे हैं, लोग कहने लगे हैं कि राहुल एक गंदा खेल खेल रहे हैं और देश की छवि खराब करना चाहते हैं।

एसआईआर पर विपक्ष के हंगामे से संसद की कार्यवाही रही बाधित।

विपक्षी दलों ने स्पीकर को पत्र लिखकर एसआईआर पर बिना देरी विशेष चर्चा कराने का किया आग्रह

### एसआईआर पर चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह एक संवैधानिक निकाय, चुनाव आयोग द्वारा की जाने वाली प्रक्रिया: रिजिजू

संसद में बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर विशेष चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही। हंगामे के बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार, 4 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। राहुल समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं ने स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर एसआईआर पर बिना किसी देरी के एक विशेष चर्चा कराने का आग्रह किया है। विपक्षी सांसदों ने संसद में मकर द्वार के सामने विरोध प्रदर्शन किया और चर्चा की मांग की। एसआईआर के मुद्दे पर शुक्रवार को लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही स्थगित करने से पहले शोर-शराबा कर रहे सदस्यों से कहा, ''जनता ने आपको इतना बड़ा अवसर दिया है, इसे नारेबाजी करके और तख्तियां दिखाकर मत गंवाइए।'' सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे फिर से शुरू होते ही विपक्षी सदस्य आसन के निकट पहुंचकर'एसआईआर वापस लो' के नारे लगाने लगे।

---

## पीएम मोदी को न्यौता रख आये सीएम साय

# छग के 'अमृत रजत महोत्सव' पर पीएम के आने की उम्मीद जगी





हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छग के सीएम विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 1 नवंबर को रायपुर में आयोजित 'अमृत रजत महोत्सव' में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य को आशीर्वाद देने हेतु आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार की भावी योजनाओं, विकास की प्राथमिकताओं और जनकल्याण से जुड़े प्रमुख विषयों की जानकारी भी दी। छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की 25वीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जा रही है। साय ने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति से इसकी महत्ता और भी बढ़ जाएगी। पीएम को सीएम ने बताया कि राज्य सरकार ने 'अंजोर विज़न 2047' दस्तावेज़ तैयार किया है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ के समावेशी और सतत विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह विज़न दस्तावेज़ शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में सुधार और नवाचार-आधारित पहलों पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार के जन विश्वास अधिनियम 2023से प्रेरणा लेते हुए राज्य में जन विश्वास विधेयक 2025 पारित किया है, जिससे न्याय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ी है और आम नागरिकों की पहुंच अधिक सुलभ एवं सहज बनी है।नवा रायपुर के सुनियोजित और तीव्र विकास हेतु गठित राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की जानकारी भी साझा की। इसके माध्यम से राजधानी क्षेत्र को एक आधुनिक, स्मार्ट एवं तेज़ी से विकसित शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### शाह से नक्सल उन्मूलन पर विमर्श किया

साय ने मोदी से मिलने के बाद आज गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर माओवादी चुनौती से निपटने की रणनीति सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा किया। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से बताया कि दिसंबर 2023 से अब तक 33 बड़ी मुठभेड़ों में शीर्ष माओवादी नेताओं सहित 445 माओवादी न्यूट्रलाइज किए गए हैं। वहीं, 1554 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं, एवं 1588 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन प्रयासों से न केवल माओवादी प्रभाव कम हुआ है, बल्कि स्थानीय समुदायों में प्रशासन के प्रति भरोसा भी बढ़ा है। बैठक में छत्तीसगढ़ के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले अमृत रजत महोत्सव 2025 की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

---

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट ने खारिज की कंगना रनौत की मांग



**चंडीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। रनौत की तरफ से दायर उस याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बठिंडा की अदालत में आपराधिक मानहानि की शिकायत को रद्द करने की मांग की थी।

### मंत्री का विभाग बदलने से साख नहीं बचेगी



**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने कहा कि किसी मंत्री का विभाग बदलने से महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार की छवि नहीं सुधरेगी और मंत्रिमंडल के सभी 'दागी' सदस्यों को जाना होगा। राउत की टिप्पणी मंत्री माणिकराव कोकाटे के कृषि मंत्रालय से खेल एवं युवा कल्याण विभाग में जाने के बाद आई है।

---

## पीएम मोदी पर थरूर की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# नेता और जज की होनी चाहिए मोटी चमड़ी लोगों को ज्यादा 'टची' नहीं होना चाहिए

भाजपा नेता राजीव ने दायर किया था मानहानि केस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी पर बयान देने को लेकर मानहानि मुकदमे का सामना कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर को सुप्रीम कोर्ट ने राहत के संकेत दिए। अदालत ने कहा कि नेताओं और जजों को मोटी चमड़ी का होना चाहिए। 2018 में थरूर ने कहा था कि एक आरएसएस नेता ने ही नरेंद्र मोदी की तुलना 'शिवलिंग पर बैठे बिच्छू' से की थी। इसी बयान को लेकर भाजपा नेता राजीव बब्बर ने मानहानि का केस दायर किया था। इसकी कार्यवाही रोकने की मांग थरूर ने की थी, जिसे हाई कोर्ट में खारिज कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने उच्चतम न्यायालय का रुख किया।

### हाईकोर्ट ने असम्मान बताया था

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि आखिर सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को इतना टची नहीं होना चाहिए। ऐसे बयानों को दिल से नहीं लगाना चाहिए। थरूर ने बेंगलुरु लिटरेचर फेस्टिवल में बोलते हुए उपरोक्त बात कही थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि उनका बयान पीएम मोदी और आरएसएस की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।



### सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी

### गंभीर गतिविधियां रोकें, वरना पूरा हिमाचल गायब हो जाएगा

हिमाचल प्रदेश में बढ़ते जलवायु असंतुलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताते हुए राज्य सरकार को सख्त चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा अगर बेतरतीब विकास और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां नहीं रुकीं, तो एक दिन पूरा हिमाचल नक्शे से गायब हो सकता है। हिमाचल में बदलते पर्यावरण बदल रहा है।

**4 हफ्ते में रिपोर्ट पेश करें :** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल सरकार को नोटिस जारी करते हुए 4 हफ्तों में पर्यावरण और इकोलॉजी को सुधारने के कदमों की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

---

## हाईकोर्ट का स्टालिन सरकार को निर्देश

# जीवित नेताओं के नाम पर न चलाई जाएं सरकारी योजनाएं, फोटो व बैनर भी न हों

### याची ने की थी अदालत से कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया है कि वह किसी भी जीवित व्यक्ति के नाम, किसी पूर्व मुख्यमंत्री या वैचारिक नेता की तस्वीर, राजनीतिक दल के प्रतीक, झंडे अथवा चिह्न का उपयोग सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में न करे। कोर्ट ने यह अंतरिम आदेश एआईएडीएमके सांसद सी.वे. शन्मुगम और वकील इनियन की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया है।



### निर्देशों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए

कोर्ट ने कहा कि सरकारी विज्ञापनों के कंटेंट को लेकर सुप्रीम कोर्ट दिशा निर्देश जारी कर चुका है। वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि सरकारी विज्ञापनों में केवल प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री की तस्वीर की अनुमति हो सकती है, वह भी सीमित उद्देश्य के लिए।

## मां-बेटे के विवाद में भड़का कोर्ट

### मुझे शर्म आ रही, ऐसे समाज में जी रहा हूं !

तिरुवनंतपुरम। केरल हाई कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि अगर किसी मां के कई बच्चे हैं तो उनका कोई भी संतान इस बात को आधार बनाकर भरण-पोषण राशि देने से इनकार नहीं कर सकता कि उनके और भी बच्चे हैं। हाई कोर्ट ने अपीलकर्ता बेटे की याचिका खारिज करते हुए कहा कि भरण-पोषण की मांग करने की याचिका के खिलाफ कोई वाजिव और वैध बचाव नहीं है। कोर्ट ने सामाजिक दुर्दशा पर भी टिप्पणी की। इस पर शर्म जताया।

---

## क्लर्क रहा व्यक्ति निकला धनकुबेर

# 24 घर और 30 करोड़ की संपत्ति, 15 हजार थी सैलरी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में भ्रष्टाचार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कोप्पल में कर्नाटक रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड में क्लर्क रहे एक व्यक्ति ने करोड़ों की संपत्ति बना ली। शख्स का नाम कलकप्पा निदगुंडी है। इसकी महीने की सैलरी तो केवल 15 हजार थी। लेकिन वह अपने, अपनी पत्नी और भाई के नाम पर करोड़ों की प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड करा चुका है। कर्नाटक लोकायुक्त अधिकारियों ने पद के दुरुपयोग और घोषित आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के



संदेह में छापेमारी की, जिसके बाद इसका खुलासा हुआ। निदगुंडी के पास 30 करोड़ की संपत्ति है, जिसमें 24 मकान, चार प्लॉट और 40 एकड़ जमीन शामिल हैं। लगभग 30 लाख रका 350 ग्राम सोना और 1.5 किलो से अधिक चांदी भी बरामद की गई। 2 कारें और 2 दुपहिया वाहन भी मिले।

---

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री से की मुलाकात

# नहीं हुई महानदी विवाद पर कोई बात... बोधघाट का निर्माण हो राष्ट्रीय परियोजना की तर्ज पर

परियोजना पर विस्तार की चर्चा तक रखा सीमित, विवाद के निपटारे पर बात नहीं की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिले तो उम्मीद की जा रही थी कि ओडिशा के साथ महानदी जल बंटवारे पर कुछ ठोस पहल की जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। सीएम ने बस्तर क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित बोधघाट बहुद्देशीय परियोजना पर विस्तार की चर्चा तक ही खुद को सीमित रखा। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्री की तरफ से महानदी पर ओडिशा के साथ चल



रहे विवाद को निपटाने की कोई बात सीएम से नहीं की गई। दोनों राज्यों के बीच महानदी जल विवाद को निपटाने जल शक्ति मंत्रालय ने एक टास्क फोर्स का गठन किया था। टास्क फोर्स की अवधि बढ़ती गई। चेयरमैन बदलते रहे लेकिन सात साल के बाद भी मामला जस का तस बना हुआ है। जब कि पूर्व के टास्क फोर्स ने ग्राउंड जीरो की यात्रा कर अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को देनी थी। खैर, अब दोनों राज्यों में चूंकि भाजपा की सरकार है इसलिए विवाद को ज्यादा तूल नहीं दिया जा रहा। दोनों राज्यों के सीएम मिलकर कुछ रास्ता निकाल सकते हैं। पाटिल से मुलाकात में साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र दशकों से विकास की मुख्यधारा से पीछे रहा है। वर्तमान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि इस क्षेत्र को नक्सल हिंसा से मुक्त कर आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जाए। उन्होंने बताया कि बस्तर के लिए प्रस्तावित बोधघाट बहुद्देश्यीय परियोजना से लगभग 8 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई, और 125 मेगावाट बिजली उत्पादन सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा, बस्तर के लिए बोधघाट जैसी परियोजनाएं क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। सीएम ने केंद्रीय मंत्री से इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। केंद्रीय मंत्री पाटिल ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए परियोजना से संबंधित प्रस्तावों का तकनीकी परीक्षण शीघ्र कराने का आश्वासन दिया।

### शुल्क अब दवा और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर लागू होगा

# 25 प्रतिशत शुल्क से 25 अरब डॉलर के निर्यात को खतरा : जीटीआरआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के भारत के सभी सामानों पर 7 अगस्त से बिना किसी छूट के 25 प्रतिशत का शुल्क लगाने से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर बुरा असर पड़ सकता है। जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) की ओर से अमेरिका के कार्यकारी आदेश के विश्लेषण के अनुसार, 25 प्रतिशत शुल्क अब दवा और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर भी लागू होगा, जिन्हें पहले अमेरिका की ओर से आयात शुल्क से छूट दी गई थी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक शासकीय आदेश जारी किया है, जिसमें विभिन्न देशों पर लगने वाली शुल्क दरों का ब्योरा दिया गया है। इसके तहत भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की पुष्टि की गई है।'जवाबी शुल्क दरों में अतिरिक्त संशोधन' शीर्षक वाले शासकीय आदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 70 देशों पर लगाए जाने वाली शुल्क दरों का ब्योरा दिया है।

## अमेरिका की कठोर व्यापारिक कार्रवाई



*जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से अनुमोदित यह शुल्क हाल के वर्षों में अमेरिका की ओर से किसी प्रमुख व्यापारिक साझेदार के विरुद्ध की गई सबसे कठोर व्यापारिक कार्रवाइयों में से एक है।' उन्होंने कहा, ' यह कदम इसलिए अलग है क्योंकि इसमें कई अन्य व्यापारिक साझेदारों के विपरीत भारत को सभी उत्पाद-स्तरीय छूट से वंचित कर दिया गया है। यहां तक कि उन उत्पादों और क्षेत्रों में भी, जिनमें अमेरिका ने अन्य देशों को छूट दी है।'*

### फिच ने भारत का वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत किया

फिच रेटिंग्स ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया। साथ ही कहा कि भारतीय कंपनियों पर अमेरिकी उच्च शुल्क का सीमित प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की आशंका है। फिच ने अप्रैल में अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

### दबाव बनाने की रणनीति

श्रीवास्तव ने कहा कि यह आदेश केवल एक शुल्क उपाय नहीं बल्कि दबाव बनाने की रणनीति है। उन्होंने कहा, '' चीन जैसे देशों पर दवाइयों, सेमीकंडक्टर और ऊर्जा जैसी जरूरी वस्तुओं पर छूट बरकरार रखी है। भारत के साथ सख्ती बरती गई है उत्पाद-स्तर पर कोई छूट नहीं दी गई है। संदेश स्पष्ट है कि अमेरिकी भू-राजनीतिक विचारों से सहमत हों, समझौता करें या व्यापक स्तर के शुल्क का सामना करें। भारत को दूसरों के लिए एक मिसाल बनाया जा रहा है।'भारतीय वस्तुओं पर सात अगस्त से 25 प्रतिशत की दर से शुल्क लगेगा।

### शुल्क बढ़ाने का असर भारत से ज्यादा अमेरिकी जीडीपी पर पड़ेगा: एसबीआई रिसर्च

अमेरिका में भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का असर भारत की तुलना में अमेरिका पर कहीं ज्यादा पड़ेगा और उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिरावट आने के साथ डॉलर भी कमजोर हो सकता है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में शुक्रवार को यह अनुमान जताया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जुलाई को घोषणा की थी कि भारत से आने वाली सभी वस्तुओं पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। इसके अलावा रूस से कच्चे तेल और रक्षा उपकरणों की खरीद करने की वजह से भारतीय उत्पादों पर अलग से जुर्माना भी लगाया गया है। एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह अमेरिका की /''खराब व्यापार नीति/'' है, क्योंकि इससे अमेरिका की घरेलू मुद्रास्फीति और उपभोक्ता कीमतों पर ही नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की 'छिपी हुई ताकतें' खुद को समायोजित कर भारत को कुछ राहत देंगी। रिपोर्ट कहती है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भारत से ज्यादा झटका लग सकता है क्योंकि वहां जीडीपी में गिरावट, महंगाई में तेजी और डॉलर में कमजोरी के आसार दिख सकते हैं।

### भारत का ईंधन निर्यात ट्रंप के शुल्क दायरे से बाहर, रूस पर अभी तक कोई जुर्माना नहीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले डीजल और विमान ईंधन जैसे पेट्रोलियम उत्पादों को आयात शुल्क से छूट दी गई है। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अभी यह संकेत नहीं दिया है कि रूस के साथ भारत के ऊर्जा व्यापार को रोकने के लिए वह कौन सा जुर्माना लगाने की योजना बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को मौजूदा व्यापार बाधाओं पर चिंता जताते हुए भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने साथ ही कहा कि रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा संबंधों के कारण भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। बाद में उन्होंने जिस सरकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, वह केवल अमेरिका आने वाले भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लागू करता है। इसमें ऐसे उत्पादों की भी सूची है, जिस पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इनमें तैयार दवा उत्पाद (टैबलेट, इंजेक्शन और सिरप), औषधि निर्माण में उपयोग होने वाला कच्चा माल, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईसीटी सामान (सेमीकंडक्टर, स्मार्टफोन, एसएसडी और कंप्यूटर) और पेट्रोलियम उत्पाद (कच्चा तेल, एलएनजी, परिष्कृत ईंधन, बिजली और कोयला) शामिल हैं। कार्यकारी आदेश में रूसी व्यापार के लिए लगाए जाने वाले किसी भी जुर्माने का भी संकेत नहीं है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को 48.6 लाख टन पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया था, जिसकी कीमत चार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक थी। भारत ऐतिहासिक रूप से अपना अधिकांश तेल इराक और सऊदी अरब सहित पश्चिम एशिया से खरीदता रहा है।

### अधिकांश भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में पहले से शुल्क छूट, कृषि-डेयरी पर रियायत नहीं: सूत्र

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क का भारत पर खास असर नहीं पड़ेगा क्योंकि अधिकांश भारतीय वस्तुएं पहले से ही अमेरिकी शुल्क छूट की श्रेणी में आती हैं। सरकार से जुड़े सूत्रों ने शुक्रवार को यह अनुमान जताया। इसके साथ ही भारत ने यह साफ कर दिया है कि वह किसी भी व्यापार समझौते में कृषि, डेयरी और आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) खाद्य उत्पादों पर कोई शुल्क रियायत नहीं देगा। सूत्रों के मुताबिक, भारत के कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा पहले ही अमेरिकी सरकार की तरफ से 'सेक्शन 232' के तहत दी जाने वाली छूट के दायरे में आता है। ऐसे में उन उत्पादों पर बढ़ा हुआ शुल्क लागू नहीं होगा। सूत्रों ने कहा, /''भारत से अमेरिका को होने वाले आधे से अधिक निर्यात इस शुल्क वृद्धि से अप्रभावित रहेंगे। नई शुल्क नीति से लगभग 40 अरब डॉलर के निर्यात पर ही असर पड़ने की आशंका है।/'' वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डॉलर रहा था। इसमें भारत से निर्यात 86.5 अरब डॉलर जबकि अमेरिका से आयात 45.3 अरब डॉलर था। सूत्रों ने कहा कि अमेरिका के डेयरी उद्योग में पशु चारे का इस्तेमाल होने की वजह से भारत के लिए उन पर शुल्क सब्सिडी दे पाना संभव नहीं होगा। सूत्र ने कहा, /''डेयरी क्षेत्र में धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई हैं। ऐसी स्थिति में अमेरिकी डेयरी उत्पाद स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे।/''

### अमेरिकी शुल्क की चिंता में बाजार दूसरे दिन भी गिरा सेंसेक्स 586 अंक टूटा

**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताओं और वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 586 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में भी 203 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी सरकार के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ऐलान के बाद वैश्विक व्यापार में गतिरोध की आशंका बनी हुई है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 585.67 अंक यानी 0.72 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 690.01 अंक तक टूटकर 80,495.57 के निचले स्तर तक आ गया था। सन फार्मा का शेयर 4.43 प्रतिशत टूटा : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 203 अंक यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,565.35 अंक पर बंद हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

In The Court of Hon'ble District Judge -Adhoc-3 (Shree. G. P. Bavaskar at Aurangabad. & Member of M. A. C. T. at Aurangabad. District At Aurangabad. (Maharashtra. State)
M.A.C. P. No 873/2023 Exh-No
Claimants: Pawan Aglave & others
Advocate M.M. Pardeshi
//VERSUS//
RESPONDENT: Tahir Khan & others
2) Satender Singh Rajendra singh Age-Major, occ owner R/o. H.No. 37, Vpo Khadsa Gurgaon Haryana -122102
Whereas the above named applicant / Claimants has made an application in to this court through Advocate, Mira. M. Pardeshi wide M.A.C.P. No- 873/2023 Under section 166 of Motor Vehicle Act for grant of Compensation of Rs. 1,00,00,000/- [Rupees one crore only]
Notice of this petition is issued to you many times and same not been served upon you, notice is return unnerved to this court.
You are hereby warned to appear in this court in person or by a pleader duly instructed within 30 days, after date of publishing this public notice in daily news paper to show cause against said application, faiing which the said application will be heard and determined Ex-parte.
Also take notice this in default of your filing an address for service of notice on or before the date mentioned you are liable to have your defense struck out.
Given under my hand & seal of the court this 28 Day of July 2025.
// By order //
SEAL Superintendent (Jud. Civil) Aurangabad.

### अमेरिका ने शुल्क दरों का ब्योरा किया जारी, भारत पर 25% शुल्क की पुष्टि

**न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक शासकीय आदेश जारी किया है जिसमें विभिन्न देशों पर लगने वाली शुल्क की दरों का ब्योरा दिया गया है। इसके तहत भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की पुष्टि की गई है। 'जवाबी शुल्क दरों में अतिरिक्त संशोधन' शीर्षक वाले शासकीय आदेश में राष्ट्रपति ट्रंप ने करीब 70 देशों पर लगाए जाने वाली शुल्क दरों का ब्योरा दिया है। शासकीय आदेश के अनुसार, भारत पर 25 प्रतिशत ''जवाबी शुल्क'' लगाया जाएगा। हालांकि आदेश में रूसी सैन्य उपकरण और ऊर्जा की खरीद के कारण भारत पर लगने वाले ''जुर्माने'' का उल्लेख नहीं है। भारत पर रूस से खरीद पर जुर्माना लगाने की घोषणा ट्रंप ने पहले की थी। ट्रंप ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने और रूस से खरीद पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने की घोषणा की थी। शासकीय आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए 'एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट' (एएसपीआई) की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व उप अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि वेंडी कटलर ने बयान में कहा कि भारत जिसके साथ ''शीघ्र समझौते होने की उम्मीद है'' उस पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया है।

### अमेरिका का भारत के खिलाफ दंडात्मक कदम दुर्भाग्यपूर्ण: एसजेएम

**नई दिल्ली (भाषा)।** नई दिल्ली (भाषा)। स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने शुक्रवार को अमेरिका की आलोचना करते हुए कहा कि वह संवेदनशील क्षेत्रों में भारतीय बाजारों तक पहुंच बनाने के लिए भारत पर 'दबाव डालने वाले हथकंडे' अपना रहा है। संगठन ने साथ ही सरकार से राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपने रुख पर अडिग रहने का आग्रह किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े संगठन एसजेएम ने कहा कि एक ओर व्यापारिक खतरे अंततः घरेलू मुद्रास्फीति को बढ़ाकर अमेरिकी उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाएंगे, तो दूसरी ओर भारत के लिए कोई भी /''अल्पकालिक नुकसान/'' महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की अनिवार्यता को और मजबूत बनाएगा। एसजेएम ने भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने तथा रूस से खरीदारी के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यह बात कही। एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने एक बयान में कहा, '' एसजेएम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान पर गहरी चिंता व्यक्त करता है, जिसमें पहले से घोषित 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूस के साथ भारत के व्यापार संबंधों को लेकर 'अनिर्दिष्ट जुर्माना' लगाने की धमकी दी गई है।'' उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका को लगता है कि इस तरह की ''दबावकारी रणनीति'' भारत के फैसलों को प्रभावित कर सकती है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि. / क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली मंडल के अंतर्गत मौजूदा बीएफआर से 02 रेल क्रेनों को हटाकर नए / समान बीएफआर पर पुनः स्थापित करने का प्रावधान। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 33,62,205.24/- |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 67,300/- |
| 4. | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 11.08.2025 (10:30 बजे) से 25.08.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5. | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई– निविदा खुलने की तारीख और समय | 25.08.2025(15:00 बजे) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 14–क.वि.- नई दिल्ली – 2025–26 दिनांक: 30.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2345/25

## आईटी 2.0 एप्लिकेशन का शुभारंभ – एक डिजिटल परिवर्तन पहल




**नई दिल्ली।** डाक विभाग को अगली पीढ़ी के एपीटी एप्लिकेशन के शुभारंभ की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ी छलांग है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत, उन्नत प्रणाली दिनांक 04.08.2025 को दिल्ली के 353 डाकघरों एवं 61 शाखा डाकघरों में लागू की जाएगी। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित पारगमन को सक्षम करने के लिए दिनांक 02.08.2025 को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। अतः दिनांक 02.08.2025 को दिल्ली में 353 डाकघरों एवं 61 शाखा डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नई प्रणाली सुचारू व कुशलतापूर्वक क्रियान्वित हो। यद्यपि दिल्ली के निम्न 35 डाकघर आज खुले रहेंगे एवं सार्वजनिक लेनदेन करेंगे। आज खुले रहने वाले डाकघरों के नामः अमर कॉलोनी, अलीगंज, एंड्रयूजगंज, सी.जी.ओ. काम्प्लेक्स, दरगाह शरीफ, डिफेंस कॉलोनी, जिला न्यायालय परिसर साकेत, ईस्ट ऑफ कैलाश, ईस्ट ऑफ कैलाश फेस I, गौतम नगर, गोल्फ लिंक्स, गुलमोहर पार्क, हरि नगर आश्रम, हजरत निज़ामुद्दीन, जंगपुरा, कस्तूरबा नगर, कृष्णा मार्केट, लाजपत नगर, लोदी रोड, मालवीय नगर, एम.एम.टी.सी-., नेहरू नगर, नई दिल्ली साउथ एक्सटेंशन II, पंचशील एन्क्लेव, प्रगति विहार, प्रताप मार्केट, पुष्प विहार, सादिक नगर, सफदरजंग एयरपोर्ट, साकेत, संत नगर, सर्वोदय एन्क्लेव, दक्षिण मालवीय नगर, श्रीनिवासपुरी एवं जीवन नगर शाखा डाकघर एपीटी एप्लिकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तेज़ सेवा वितरण और अधिक ग्राहक-अनुकूल इंटरफ़ेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
**7534997731**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## एनएचपीसी और आईआईएम जम्मू द्वारा नेतृत्व कौशल और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत



**नई दिल्ली।** राजीव आर. आस्थाना, महाप्रबंधक (एचआरडी), एनएचपीसी और कमांडर केशवन भास्करन (सेवानिवृत्त), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आईआईएम, जम्मू द्वारा एमओयू दस्तावेजों का प्रदर्शन। इस अवसर पर उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसीः प्रो. राजेश सिक्का, सह-अध्यक्ष (कार्यकारी शिक्षा और परामर्श), आईआईएम जम्मू; एन. के. जैन, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.), एनएचपीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के एक नवरत्न उद्यम, एनएचपीसी लिमिटेड ने देश के राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख संस्थानों में से एक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), जम्मू के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 31.07.2025 को औपचारिक रूप से यह समझौता ज्ञापन, नेतृत्व विकास, संस्थागत शिक्षा और अनुसंधान संचालित परिवर्तन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रणनीतिक शिक्षा-उद्योग सहयोग में एक नए अध्याय की शुरुआत है। उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, एन. के. जैन, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), एनएचपीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर राजीव आर. अस्थाना, महाप्रबंधक (एचआरडी), एनएचपीसी और कमांडर केशवन भास्करन (सेवानिवृत्त), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आईआईएम जम्मू ने हस्ताक्षर किए।

**प्रवेश सूचना**

**राजीव गाँधी राजकीय बहुतकनीकी, नरवाना**

इस संस्थान में डिप्लोमा इंजीनियरिंग (3 वर्षीय, योग्यता दसवीं) और डिप्लोमा लेटरल एंट्री (2 वर्षीय, योग्यता -12वीं PCM / ITI) की रिक्त सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रवेश के लिए विस्तृत जानकारी के लिए www.hstes.org.in/www.gpnarwana.ac.in पर डिप्लोमा प्रॉस्पेक्टस 2025 को पढ़ें। Institute Level Open Counseling डिप्लोमा इंजीनियरिंग व डिप्लोमा लेटरल एंट्री कोर्स की तिथि अनुसार विवरण निम्नलिखित है।

| दिनांक | दाखिला प्रक्रिया विवरण |
|---|---|
| 05/08/2025 | संस्थान में आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि |
| 06/08/2025 | Declaration of Inter-se-Merit/ Rank |
| 07/08/2025 | Institute Level Open physical Counseling for all categories |
| 08/08/2025 | Institute Level Open physical Counseling without any reservation (by merging all categories) |

दाखिले के समय फीस न जमा होने पर Alloted सीट रदद कर दी जाएगी । उपरोक्त ओपन फिजिकल काउंसलिंग के पश्चात रिक्त सीटें रहने की स्थिति में द्वितीय फिजिकल काउंसलिंग निम्नलिखित तिथि व समय के अनुसार होगी।

| दिनांक | दाखिला प्रक्रिया विवरण |
|---|---|
| 11/08/2025 से 13/08/2025 | संस्थान में आवेदन जमा करवाने की तिथि |
| 14/08/2025 (10:00A.M.) | Declaration of Inter-se-Merit/ Rank |
| 14/08/2025(11:00A.M.) | Institute Level Open 2nd physical Counseling (Seat Allotment) |

नोटः-
1. इंस्टिट्यूट लेवल ओपन फिजिकल काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से संस्थान में आना अनिवार्य है।
2. निर्धारित तिथि व समय के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. दाखिला पूर्णतः नए आवेदनों की मेरिट के आधार पर किया जाएगा। HSTES का रैंक व HSTES पोर्टल में पहले से किया गया आवेदन मान्य नहीं होगा।
4. सेमेस्टर फीस लड़कों के लिए ₹4600 तथा लड़कियों/TFW के लिए ₹3100 है। दाखिले के पश्चात तुरंत फीस जमा करवाना अनिवार्य है।
5. यदि कोई अभ्यार्थी डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा लेटरल एंट्री दोनों के लिए आवेदन करता है। तो उसे दोनों के लिए अलग अलग आवेदन जमा करवाने होंगे।

हस्ता/-प्रधानाचार्य
राजर्जीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी,
नरवाना (जींद)

पीआरडीएच 1115/11/454/2026/37266/88/7 दि. 01.08.2025

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** – रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

मार्केट न्यूज

## पेट सफा और सन ऑफ सरदार 2 ने जोड़ी हेल्थ और एंटरटेनमेंट की जोड़ी

### अजय देवगन बोले – जब पेट हो साफ, तो लाइफ होगी बिंदास




**चंडीगढ़।** दिग्गज निर्देशक विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित फिल्म सन ऑफ सरदार 2, एक एक्शन – कॉमेडी हिंदी फिल्म है। इस फिल्म में अजय देवगन, संजय दत्त, मृणाल ठाकुर, मुकुल देव और रवि किशन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी एक ऐसे व्यक्ति के इर्द–गिर्द घूमती है जो झूठा युद्धवीर बनकर एक प्रेमी जोड़े की शादी में मदद करता है, ताकि उन्हें अपने परिवार की मंजूरी मिल सके। फिल्म में हास्य, भावनाओं और पारिवारिक संबंधों का दिलचस्प मेल देखने को मिलेगा। एंटरप्रेन्योर और इन्वेस्टर डॉ. संजीव जुनेजा ने फिल्म की सफलता की शुभकामनाएं दी है। वहीं फिल्म की शूटिंग के दौरान अजय देवगन ने खास तौर पर कहा कि सेलिब्रेशन हमेशा ग्रैंड होनी चाहिए क्योंकि जब पेट हो साफ, तो लाइफ होगी बिंदास। इसलिए आप भी पेट साफ अपनाएं, जो कब्ज, गैस और एसिडिटी से दे छुटकारा। वहीं दिविसा हर्बल्स प्रा. लि. के प्रवक्ता ने बताया कि फिल्म सन ऑफ सरदार 2 की ऊर्जा और दर्शकों के जोड़ने की क्षमता को देखते हुए, उन्होंने अपने प्रमुख प्रोडक्ट पेट सफा आयुर्वेदिक लैक्सेटिव ग्रीन टी के लिए प्रमोशनल पार्टनर चुना है। उन्होंने बताया कि अगर किसी का भी पेट सुबह पूरी तरह से साफ नहीं होता तो रात को सोते समय पेट सफा की ग्रीन टी का सिर्फ एक कप पीना है, और सुबह आपका पेट होगा, एक झटके में बिल्कुल साफ और फ्रेश।

## सोना 400 रुपये टूटकर 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 2,500 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली (भाषा)।** सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 400 रुपये टूटकर 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 300 रुपये गिरकर 97,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा, जबकि पिछले सत्र में यह 97,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 'सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और शुक्रवार को यह 2,500 रुपये गिरकर 1,09,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। पिछले सत्र में चांदी 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 0.12 प्रतिशत बढ़कर 3,294.31 डॉलर प्रति औंस पर रहा। न्यूयॉर्क में हाजिर चांदी 0.75 प्रतिशत गिरकर 36.44 डॉलर प्रति औंस रही।


## शब्द पहेली - 5946




**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 5945 का हल





# मकाऊ ओपन : कड़े मुकाबलों में जीत के बाद लक्ष्य और मन्नेपल्ली ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

एजेंसी ▶▶ मकाऊ

भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उदीयमान तरुण मन्नेपल्ली ने कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज करके शुक्रवार को मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय मन्नेपल्ली ने 87वें स्थान पर काबिज चीन के हू झे को 75 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 13-21, 21-18 से हराया। वहीं राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन दूसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के शुआन चेन झू को 21-14, 18-21, 21-14 से मात दी।

## मन्नेपल्ली की अगली टक्कर मलेशिया के होह से



अब लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त अल्वी फरहान से होगा जबकि मन्नेपल्ली की टक्कर मलेशिया के जस्टिन होह से होगी। मन्नेपल्ली ने पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

## मन्नेपल्ली आठ साल की उम्र से खेल रहे बैडमिंटन

मन्नेपल्ली ने आठ साल की उम्र में तेलंगाना के खम्मम में बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। दसवीं कक्षा के बाद हैदराबाद आ गए थे। लक्ष्य को विश्व रैंकिंग में 77वें स्थान पर काबिज चेन को हराने में काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने पहले गेम में अच्छा प्रदर्शन करके 9-4 और फिर 15-8 की बढ़त बना ली। इसके बाद चेन ने दूसरे गेम में शानदार वापसी करके मुकाबले को निर्णायक गेम तक खिंचा। लक्ष्य ने तीसरे गेम में फिर दबाव बनाया और 7-1 की बढ़त बनाने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा।



## सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर खत्म

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के चूंग होन जियान और हेकल मुहम्मद से 14-21, 21-13, 20-22 से हारकर बाहर हो गई। चार साल पहले पुलेला गोपीचंद अकादमी से जुड़ने वाले मन्नेपल्ली ने पिछले दौर में हांगकांग के शीर्ष वरीयता प्राप्त ली चेउक यिउ को हराया था। राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले मन्नेपल्ली पहले गेम में एक समय 4-7 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर उन्होंने 12-9 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने 15-11 से लगातार छह अंक बनाकर गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में हू ने जोरदार खेल दिखाया और 6-2 से आगे होने के बाद दबदबा बनाए रखा और अपनी बढ़त को 15-6 तक पहुंचाकर जल्द ही गेम अपने नाम कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में मन्नेपल्ली ने 5-0 की बढ़त बना ली और 19-15 तक अपनी बढ़त बनाए रखी। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद तीन अंक गंवा दिए। मन्नेपल्ली ने हालांकि धैर्य बनाए रखा और हू के बैकहैंड कॉर्नर पर सटीक पुश लगाकर जीत पक्की की और जश्न में अपनी बाहें ऊपर उठा लीं।

## खबर संक्षेप



### एआईजी महिला ओपन में दीक्षा की अच्छी शुरुआत

**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने महिलाओं के लिए साल के आखिरी मेजर एआईजी महिला ओपन के पहले दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। महिला ओपन में छठी बार भाग ले रही दीक्षा ने खराब मौसम के बावजूद चार बर्डी और तीन बोगी की। यह भारतीय खिलाड़ी 15वें होल तक संयुक्त 14वें स्थान पर चल रही थी लेकिन इसके बाद नीचे खिसक गई। उन्होंने पहले, सातवें, नौवें और 11वें होल पर बर्डी लगाईं तथा छठे, आठवें और 11वें होल पर बोगी की। दीक्षा इस टूर्नामेंट में भाग ले रही एकमात्र भारतीय खिलाड़ी है। वह 2023 में इस टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर रहीं, जो ओपन में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### छह राज्यों में होगा ईशा ग्रामोत्सवम



**नई दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा ग्रामीण खेल उत्सव ईशा ग्रामोत्सवम का 17वां सत्र छह राज्यों में आयोजित किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 10 अगस्त को मैसूर में होगी। इस साल आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, पुडुचेरी और ओडिशा के 35000 गांवों में इन खेलों का आयोजन होगा। आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव की ओर से शुरु किए गए ईशा ग्रामोत्सवम में 6000 टीमों और 50000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें पुरुष वॉलीबॉल और महिला थ्रो बॉल के टूर्नामेंट होंगे और फाइनल 21 सितंबर को कोयंबटूर में ईशा योग केंद्र पर खेला जाएगा।

### 21 अगस्त को होंगे बीएफआई के चुनाव



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के लंबे समय से लंबित चुनाव 21 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में होंगे। देश में इस खेल का संचालन कर रही अंतरिम समिति ने यह घोषणा की। अंतरिम समिति के प्रमुख अजय सिंह की ओर से हस्ताक्षरित 31 जुलाई के परिपत्र के मुताबिक बीएफआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 21 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में आयोजित की जाएगी। इस एजीएम का एजेंडा पिछली बैठक के ब्यौरे पर सहमति जताने के साथ 2025-2029 की अवधि के लिए विभिन्न पदों का चुनाव और अध्यक्ष की अनुमति से किसी अन्य कार्य पर मुहर लगाना है। बीएफआई के पिछले पदाधिकारियों का कार्यकाल इस साल दो फरवरी को समाप्त हो गया था। इससे पहले चुनाव 28 मार्च को निर्धारित किए गए थे लेकिन कई अपीलों और जवाबी अपीलों सहित कानूनी विवादों के कारण प्रक्रिया रुक गई थी।

## जायसवाल फिफ्टी बनाकर नाबाद लौटे, दूसरी पारी में भारत का स्कोर 75/2

# भारत के नाम रहा ओवल टेस्ट का दूसरा दिन, इंग्लैंड पर 52 रन की बढ़त ली

एजेंसी ▶▶ लंदन

ओवल टेस्ट का दूसरा दिन भारतीय टीम के नाम रहा। शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक टीम इंडिया ने अंग्रेजों पर 52 रन की बढ़त बना ली है। स्टंप्स तक भारत ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 75 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल 51 और नाइट वॉचमैन आकाश दीप 4 रन के स्कोर पर नाबाद लौटे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के चार चार विकेट से इंग्लैंड की टीम शुक्रवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई जिससे उसने 23 रन की बढ़त हासिल की।



### एटकिंसन ने किया तीन बल्लेबाजों को आउट

वहीं दिन का खेल शुरू होने के तुरंत बाद गस एटकिंसन ने तीन भारतीय बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इस तरह दिन की शुरुआत छह विकेट पर 204 रन से शुरू करने वाले भारत ने पहले 30 मिनट में 20 रन के अंदर बाकी के चार विकेट गंवा दिए। करुण नायर (109 गेंद में 57 रन) और वाशिंगटन सुंदर (26 रन) जल्दी आउट हो गए, जिसके बाद एटकिंसन ने पुछल्ले बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। इंग्लैंड के लिए एटकिंसन ने पांच जबकि जोस टंग ने तीन विकेट चटकाए।

### क्राली ने जड़ा अर्धशतक

आकाश दीप, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तिकड़ी के पास इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों के लिए कोई रणनीति नहीं थी। पर भारत को लंच से 15 मिनट पहले डकेट का विकेट मिलने से राहत मिली। आकाश दीप की गेंद पर एक और रिवर्स हिट लगाने की कोशिश में डकेट विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। इस तरह इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने महज 77 गेंद में 92 रन बना लिए। क्रॉली ने 12 चौके से पांच सिराज की गेंदों पर लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर थर्ड मैन पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। डकेट ने इच्छानुसार शॉट लगाए। उन्होंने आकाश दीप की गेंद पर रिवर्स स्कूप शॉट लगाया और इसके बाद सिराज की गेंद पर रैंप ऑफ पर छक्का जड़ दिया। डकेट के आउट होने के बाद कार्यवाहक कप्तान ओली पोप क्रीज पर उतरे। उन्होंने कवर ड्राइव शॉट्स लगाकर शुरुआत की।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल पगबाधा को एटकिंसन | 02 | 9 | 0 | 0 |
| राहुल बो वोक्स | 14 | 40 | 1 | 0 |
| सुदर्शन का स्मिथ बो टंग | 38 | 108 | 6 | 0 |
| गिल रन आउट | 21 | 35 | 4 | 0 |
| नायर पगबाधा बो टंग | 57 | 109 | 8 | 0 |
| जडेजा का स्मिथ बो टंग | 09 | 13 | 1 | 0 |
| जुरेल का ब्रुक बो एटकिंसन | 19 | 40 | 2 | 0 |
| सुंदर का ओवरटन बो एटकिंसन | 26 | 55 | 3 | 0 |
| आकाश दीप नाबाद | 00 | 7 | 0 | 0 |
| सिराज बो एटकिंसन | 00 | 4 | 0 | 0 |
| कृष्णा का स्मिथ बो एटकिंसन | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 38,
कुल: 69.4 ओवर में 224 /10 रन
गेंदबाजी: वोक्स 14-1-46-1, एटकिंसन 21.4-8-33-5, टंग 16-4-57-3, ओवरटन 16-0-66-0, बेथेल 2-1-4-0

## क्रिकेट

# बुमराह टेस्ट टीम से रिलीज एशिया कप में खेलना संदिग्ध



एजेंसी ▶▶ लंदन/नई दिल्ली

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तीन टेस्ट का कोटा पूरा करने के बाद शुक्रवार को टीम से रिलीज कर दिया गया। इसके साथ ही भारतीय क्रिकेट के हितधारकों ने उनके अगले अंतरराष्ट्रीय मैच में भागीदारी पर चर्चा शुरू कर दी है।

इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर 31 वर्षीय बुमराह ने तीन मैचों में 119.4 ओवर फेंके और 14 विकेट लिए। भारत को अगले साल घरेलू सरजमीं पर टी20 विश्व कप खेलना है और ऐसे में बुमराह के आगामी कुछ समय में एकदिवसीय प्रारूप में खेलने की संभावना काफी कम है। बीसीसीआई ने बताया, 'जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला के पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम से फारिग कर दिया गया।' बुमराह ने इस श्रृंखला में दो बार (हेडिंग्ले में पहले टेस्ट और लॉड्स में तीसरे टेस्ट) पांच-पांच विकेट लिए। उन्होंने मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में अपने करियर में पहली बार एक पारी में 100 से अधिक रन दिए। बुमराह के नाम अब 48 टेस्ट में 219 विकेट हैं।

### कंधे की चोट के कारण आगे नहीं खेल पाएंगे वोक्स



चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे इंग्लैंड को तब करारा झटका लगा जब तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स कंधे की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर हो गए। गुरुवार को मैच के पहले दिन करुण नायर के शॉट पर बाउंड्री बचाने के प्रयास में वोक्स चोटिल हो गए थे और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा था। वोक्स जब मैदान से बाहर गए तो उनका बायां हाथ स्वेटर में लिपटा हुआ था और वह दर्द से कराह रहे थे।

## दलीप ट्रॉफी

# सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम, अगुवाई करेंगे शारदुल

- 15 सदस्यीय टीम में यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर शामिल



एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और मुंबई के हरफनमौला शारदुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी में सितारों से सजी पश्चिम क्षेत्र की टीम अगुवाई करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम दलीप ट्रॉफी में अपने मैच सितंबर में खेलेगी। पश्चिम क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम में भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और श्रेयस अय्यर समेत मुंबई के कुल सात खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। रुतुराज गायकवाड़ मध्यक्रम को मजबूत करेंगे जबकि सौराष्ट्र के हार्विक देसाई और महाराष्ट्र के सौरभ नवले विकेटकीपर होंगे।

### दक्षिण क्षेत्र बना था विजेता

*इस साल दिलीप ट्रॉफी की छह टीमों के बीच क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो रही है। पिछले कुछ साल से इसका आयोजन भारत ए, बी, सी और डी टीमों के साथ होता था। जब यह टूर्नामेंट ए, बी, सी और डी प्रारूप में खेला जाता था, तो सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता टीमों का चयन करते थे, लेकिन अब टीमों का चयन संबंधित क्षेत्रीय चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी का पिछली बार 2023-24 जब क्षेत्रीय प्रारूप में आयोजन हुआ था तब दक्षिण क्षेत्र इसका विजेता बना था।*

### टूर्नामेंट का आगाज 28 सितंबर से

टूर्नामेंट का आगाज 28 सितंबर से होगा। इसके क्वार्टर फाइनल मैचों में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र, जबकि मध्य क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है। पश्चिम क्षेत्र की टीम का चयन मुंबई के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने किया। इस समिति में बड़ौदा के प्रयाण दवे, महाराष्ट्र के अक्षय दारेकर, सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के संदीप मनियार और गुजरात क्रिकेट संघ के कीरत दमानी भी शामिल है। मुंबई क्रिकेट संघ के सचिव अभय हडप बैठक के संयोजक थे।

**पश्चिम क्षेत्र टीम** : शारदुल ठाकुर (कप्तान, मुंबई), यशस्वी जायसवाल (मुंबई), आर्या देसाई (गुजरात), हार्विक देसाई (विकेटकीपर, सौराष्ट्र), श्रेयस अय्यर (मुंबई), सरफराज खान (मुंबई), रुतुराज गायकवाड़ (महाराष्ट्र), जयमीत पटेल (गुजरात), मनन हिंगराजिया (गुजरात), सौरभ नवाले (विकेटकीपर, गुजरात), शम्स मुलानी (मुंबई), तनुश कोटियान (मुंबई), धर्मेंद्रसिंह जडेजा (सौराष्ट्र), तुषार देशपांडे (मुंबई), अर्जन नगवासवाला (गुजरात)।

## भारतीय खिलाड़ियों ने किया डब्ल्यूटीटीसी में क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमों ने काठमांडू में दक्षिण एशिया क्षेत्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके लंदन में विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीटीसी) के लिए क्वालीफाई कर लिया। महिला और पुरुष वर्ग में 16 एशियाई कोटा स्थान उपलब्ध थे। मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्ण एशिया और पश्चिम एशिया से चार क्षेत्रीय



चैंपियन इसके लिए सीधे क्वालीफाई करते हैं। भारतीय महिला और पुरुष टीमें पांच देशों के राउंड रॉबिन प्रारुप वाले दक्षिण एशियाई टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। पुरुष टीम में आकाश पाल, रोनित भांजा, अनिर्बाण घोष, पीबी अभिनंद और दिव्यांश श्रीवास्तव थे, जिन्होंने बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव को 3.0 से हराया। महिला टीम में कृत्विका सिन्हा, एस. सेल्वाकुमार, तनीषा कोटेचा, सयाली वानी और सिंड्रेल दास थे। उन्होंने इन्हीं चार टीमों को इसी अंतर से मात दी।

## जाधव और भारद्वाज ने जीता स्वर्ण पदक ...



**कोलकाता।** कोलकाता में सम्मान समारोह के दौरान तीरंदाज साहिल राजेश जाधव (दाएं) और श्रेय भारद्वाज। इन्होंने क्रमश: विश्व विश्वविद्यालय खेलों और विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों 2025 में स्वर्ण पदक जीते।

## लैकी अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक की दौड़ में

**एथेंस (यूनान)।** भारत के युवा पहलवान लैकी ने शुक्रवार को अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप के पुरुष फ्रीस्टाइल 110 किग्रा वर्ग के खिताबी मुकाबले में पहुंचकर खुद को विश्व चैंपियन बनने की दौड़ में शामिल कर लिया। लैकी ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए जापान और ईरान जैसे इस खेल के शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई। उन्होंने जापान के हान्टो हयाशी पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत के साथ शुरुआत की और उसके बाद जॉर्जिया के मुर्तज बागदावद्जे को 8-0 से हराया। सेमीफाइनल में लैकी ने ईरान के अमीरहुसैन एम नागदालीपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अंतर्गत खेल रहे मैगोमेद्रसुल ओमारोव से होगा। गौरव पूनिया (65 किग्रा) ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने बिना कोई अंक गंवाए तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपने पहले दो मुकाबले जीते, लेकिन क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी आर्सेनी किकिनियो से हार गए।

## नेशनल बैंक ओपन : रूस की वेरोनिका को तीन सेट में हराया

# कोको गॉफ की संघर्षपूर्ण जीत, 14 डबल-फॉल्ट के बावजूद अंतिम 16 में

एजेंसी ▶▶ मॉन्ट्रियल

कोको गॉफ को फिर से अपनी सर्विस पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन 14 डबल-फॉल्ट करने के बावजूद वह रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहीं। पिछले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी डेनियल कोलिंस के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट और तीसरे सेट के टाईब्रेकर से बचने के दो दिन बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त गॉफ ने कुदेरमेतोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से पराजित किया।

### गॉफ का अगला मुकाबला 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से



### मैककार्टनी ने मीरा को हराकर किया उलटफेर

गॉफ का मुकाबला अब कनाडा की 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की की मैरी बोजकोवा को 1-6, 6-3, 6-0 से हराया। अमेरिका की मैककार्टनी केसलर ने चौथी वरीयता प्राप्त रूस की मीरा एंड्रीवा को 7-6 (5), 6-4 से हराकर उलटफेर किया। अगले दौर में केसलर का सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा। कोस्त्युक ने ऑस्ट्रेलिया की 15वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना को 3-6, 6-3, 7-6 (4) से हराया।

### दयाना ने एम्मा को दी मात

यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का ने आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 7-5, 6-4 से हराया। उनका सामना अब कज़ाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से होगा, जिन्होंने रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को 6-0, 7-6 (5) से पराजित किया। एक अन्य मैच में दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने रूस की कामिला राखीमोवा को 7-5, 6-2 से हराया।

## हिमाचल की लाहौल घाटी में फटा बादल

# लेह-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर से बहने लगा सैलाब, आवाजाही ठप, बीआरओ कैंप में घुसा मलबा

**लाहौल घाटी के जिला मुख्यालय केलांग से करीब 10 किमी दूर जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को ऊपर पहाड़ों में बादल फटने से मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ आ गई। इस दौरान बड़े बड़े पत्थर नाले में बहते हुए नजर आए। वहीं, मलबा और पानी मनाली केलांग-दारचा-सारचू-लेह सड़क मार्ग पर बहने लगा और फिर आवाजाही ठप हो गई।**

एजेंसी ▶▶ लाहौल

हिमाचल प्रदेश की लाहौल घाटी में बादल फटने से लेह मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। हालांकि, किसी की जान को नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन सीमा सड़क संगठन (बीआओ) के कैंप में मलबा घुसा है और यहां पर मौजूद जवानों ने भागकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार, लाहौल घाटी के जिला मुख्यालय केलांग से करीब 10 किमी दूर जिस्पा के पास ग्रेफ कैंप क्षेत्र में शुक्रवार को ऊपर पहाड़ों में बादल फटने से मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ आ गई।

इस दौरान बड़े बड़े पत्थर नाले में बहते हुए नजर आए। वहीं, मलबा औऱ पानी मनाली केलांग-दारचा-सारचू-लेह सड़क मार्ग पर बहने लगा और फिर आवाजाही ठप हो गई। बादल फटने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत का माहौल है।

**1** मसेरन नाले में मलबे की बाढ़ में बड़े पत्थर बहे

**2** दहशत में लोग, जान-माल का नुकसान नहीं

### धुंधी के पास जमीन धंसी

लेह मनाली हाईवे अटल टनल से चार किमी पहले धुंधी के पास पुल से पहले बंद है। यहां पर जमीन धंस गई है। सुबह वन वे रास्ता खुला था, लेकिन फिर से लैंडस्लाइड के चलते बंद हो गया है। ऐसे में अब केलांग की तरफ जाने के लिए लोगों को रोहतांग पास होकर जाना पड़ रहा है। लाहौल स्पीति पुलिस ने बताया कि भूस्खलन के चलते सड़क बंद हो गई है और टनल के नॉर्थ पोर्टल और सोलंग बैरियर पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।



सड़क पर मलबा आने से लेह मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया।

### सड़क बहाली काम में जुटा बीआरओ

घाटी में बीती रात से रुक-रुक कर बारिश हो रही थी, लेकिन सुबह जिस्पा क्षेत्र में अचानक तेज गर्जना के साथ भारी पानी आया, जिससे ग्रेफ कैंप के पास मलबा और पानी भर गया। बीआरओ की टीमें मौके पर पहुंचकर सड़क बहाली के कार्य में जुट गई हैं। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा न करने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि जिसपा, यांगला एवं तिन्दी मुख्य मार्ग में बादल फटने एवं बाढ़ की घटनाएं सामने आई हैं। जिस्पा एवं तिन्दी में बीआरओ की ओर से सड़क बहाली का कार्य शुरू हो चुका है।

### अमरनाथ यात्रा 3 अगस्त तक रोकी

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा को तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर तीन अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। भारी बारिश के बाद तीर्थयात्रा के दोनों मार्गों पर मरम्मत और रखरखाव का काम जारी होने के कारण यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह पहलगाम मार्ग से तीर्थयात्रा स्थगित रही और तीर्थयात्रियों के किसी नए जत्थे को गुफा मंदिर की ओर जाने की अनुमति नहीं दी गई, जबकि बालटाल मार्ग से यात्रा की अनुमति दी गई।

### भूस्खलन से 317 सड़कें बाधित

हिमाचल प्रदेश में लगातार जारी बारिश के कारण जगह-जगह भूस्खलन से कई इलाकों में सड़कें, बिजली व पेयजल आपूर्ति ठप है। राज्य में शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तक 317 सड़कें बाधित रहीं। इसके अतिरिक्त 360 बिजली ट्रांसफार्मर व 259 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा 174 सड़कें आपदा प्रभावित मंडी जिले में बंद हैं। चंबा जिले में 142 बिजली ट्रांसफार्मर व कांगड़ा में 134 जल आपूर्ति योजनाएं प्रभावित हैं।

### सारना गांव में मकान जमींदोज

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के अंतर्गत बोडू सारना पंचायत के सारना गांव के निवासी ओम प्रकाश का आशियाना भारी बारिश के कारण गिरा गया। हादसे में किसी भी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है। यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब चार बजे हुआ। मंडी में पंडोह बांध के पास भूस्खलन के बाद चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है।



## लॉस एंजिल्स में एक और काउंसलेट खुलेगा

## अमेरिका और भारत के बीच जारी तनाव के बीच यूएस में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा का ऐलान

# 8 नए कांसुलर सेंटर खुलेंगे, दोनों देशों के आपसी रिश्ते रहेंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के मध्य टैरिफ को लेकर बढ़ते तनाव के बीच भारत ने अमेरिका से अपने रिश्तों को कायम रखा है। भारत ने अमेरिका में 8 नए कांसुलर एप्लिकेशन सेंटर, यानी वाणिज्य दूतावास आवेदन केंद्र खोलने की घोषणा की है। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि नए भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन जोस में खोले जाएंगे। उन्होंने इसके साथ दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते को मजबूत करने की जरूरत को भी रेखांकित किया। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों पर क्वात्रा ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते के मूल में लोगों के बीच के आपसी संबंध हैं। हम जल्द ही लॉस एंजिल्स में एक और भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र भी खोलेंगे।

विनय क्वात्रा ने नए केंद्रों की शुरुआत होने की सूचना दूतावास के एक्स हैंडल से दी। बता दें, इन नए केंद्रों की शुरुआत का ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और भारत टैरिफ के मुद्दे पर आमने-सामने हैं। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी टैरिफ नीतियों को लेकर चर्चा में हैं और उन्होंने भारत समेत कई देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। सख्ती दिखाने का ऐलान करने के बाद जब भारत ने अपने हितों से समझौता न करने का रुख साफ किया तो ट्रंप के सुर भी बदलते दिखे। अब उन्होंने एक हफ्ते का विस्तार और किया है।

*अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि नए भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र बोस्टन, कोलंबस, डलास, डेट्रॉइट, एडिसन, ऑरलैंडो, रैले और सैन जोस में खोले जाएंगे। उन्होंने इसके साथ दोनों देशों के बीच आपसी रिश्ते को मजबूत करने की जरूरत को भी रेखांकित किया*

### भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र शनिवार को भी खुले रहेंगे

**बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावास खुलेंगे**



### कांसुलर सेवाओं बेहतर और सुव्यवस्थित होंगी

विनय क्वात्रा ने कहा कि 1 अगस्त, 2025 से अमेरिका में हमारी कॉन्सुलर सेवाओं में बड़ा विस्तार होगा। इससे सेवाएं बेहतर होने के साथ-साथ कई सकारात्मक बदलाव भी आएंगे। नए केंद्रों के खुलने से, व्यापक कॉन्सुलर सेवाएं प्रदान करने और संबंधित वितरण क्षमताएं न केवल बेहतर होंगी, बल्कि इनका विस्तार भी होगा। इन केंद्रों पर काम शुरू होने के बाद प्रवासी भारतीयों को मिलने वाली सेवाओं की डिलीवरी तेज और अधिक सुलभ बनेगी।

### लोगों के बीच भी आपसी संबंध मजबूत

भारतीय राजदूत ने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत-अमेरिका साझेदारी के मूल में लोगों के बीच आपसी संबंध हैं। बोस्टन और लॉस एंजिल्स में दो नए वाणिज्य दूतावासों के खुलने से हम न केवल अपने दोनों देशों के बीच संबंधों को, बल्कि लोगों के बीच आपसी संबंधों को भी, विशेष रूप से बोस्टन और लॉस एंजिल्स के क्षेत्रों में और मजबूत कर पाएंगे।

### 54 लाख भारतीय अमेरिका में रह रहे

*विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय मूल के लगभग 54 लाख लोग अमेरिका में रहते हैं। इनमें 20.7 लाख अनिवासी भारतीय (पर्सन्स ऑफ इंडियन ओरिजन) भी शामिल हैं। भारतीय मूल के लोग अमेरिका में तीसरा सबसे बड़ा एशियाई जातीय समूह हैं। ऐसे में वाणिज्यिक गतिविधियों से जुड़े कामकाज के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वाणिज्य दूतावास के इन नए आवेदन केंद्रों बड़ा लाभ मिलेगा।*

### संजय वात्स्यायन बने सह नौसेना अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने शुक्रवार को भारतीय नौसेना के 47वें सह नौसेना अध्यक्ष (वाइस चीफ ऑफ नेवल स्टाफ) का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने नई दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर राष्ट्र सेवा में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गनरी और मिसाइल प्रणालियों के विशेषज्ञ संजय वात्स्यायन ने तीन दशकों से अधिक के अपने करियर में विभिन्न जिम्मेदारियां संभाली हैं।

### लंदन में ब्रिटिश सिख शख्स की चाकू मारकर हत्या

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में 30 वर्षीय ब्रिटिश सिख युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गुरमुख सिंह उर्फ गैरी के रूप में हुई है। यह घटना 23 जुलाई को पूर्वी लंदन के इलफोर्ड इलाके में हुई।



लंदन मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

## एमडीएमके सांसद की अपील

# रूसी सेना में जबरन भर्ती किए गए छात्र को बचाएं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले के एक मेडिकल छात्र को कथित रूप से जबरन रूसी सेना में भर्ती किए जाने के मामले में एमडीएमके सांसद दुरई वैको ने केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करने और छात्र की जान बचाने की अपील की है। दुरई वैको ने शुक्रवार को चेन्नई में प्रेस से बात करते हुए बताया कि कुड्डालोर जिले के श्रीमुष्णम के रहने वाला तीसरे वर्ष के मेडिकल छात्र किशोर सरवनन को रूसी पुलिस ने एक नशीली दवा से जुड़े मामले में हिरासत में लिया। यह मामला उन लोगों से जुड़ा था जो किशोर के साथ रह रहे थे, लेकिन किशोर का इसमें कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था।

**नशीली दवा से जुड़े मामले में हिरासत में लिया गया था**

### आज युद्ध के मोर्चे पर भेजा जाएगा

किशोर के माता-पिता सरवनन और भामा ने बताया कि अपने बेटे को रूस में पढ़ाई के लिए भेजने के लिए उन्होंने अपनी जमीन तक बेच दी थी। उन्होंन कहा कि अब हमारा बेटा जेल में है। हमें उसकी एक वॉइस मैसेज मिली है जिसमें कहा गया है कि उसे 2 अगस्त को युद्ध के मोर्चे पर भेजा जाएगा। हम दोनों सरकारों (भारत और रूस) से अपील करते हैं कि कृपया हमारे बेटे को बचाएं और उसे तमिलनाडु वापस लाएं।

### छात्र को प्रताड़ित किया जा रहा

सांसद वैको ने बताया कि 12 जुलाई को परिवार को किशोर का एक फोन आया, जिसमें उसने बताया कि उसे शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, मानसिक रूप से यातना दी जा रही है और जबरन कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए जा रहे हैं। किशोर को अब उसकी मर्जी के खिलाफ सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## मणिपुर में दिखा खसरा रोग का प्रकोप

# 11 प्रभावित, 18 अन्य लोगों के नमूनों के नतीजे आना बाकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपीय देशों में खसरे के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। अब खसरा (मीजल्स) रोग के मामले भारत में भी बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। मणिपुर के सेनापति जिले में खसरे का प्रकोप देखा जा रहा है, जहां कम से कम 11 लोगों को इसका शिकार पाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह के लक्षण दिखाने वाले 18 अन्य लोगों के सैंपल के नतीजे आने अभी बाकी हैं। मणिपुर के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सूचना दी है कि जिन 11 लोगों में खसरे का पता चला है उनमें से 10



मरीजों को टीके की एक भी खुराक नहीं मिली थी। अधिकारियों ने लोगों से टीका लगवाने का आग्रह करते हुए कहा कि इन इलाकों में किए गए एक त्वरित सर्वेक्षण में टीकाकरण में भारी अंतर का पता चला है। जिला प्रशासन ने संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने और टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए एक बैठक बुलाई।

## आवास परियोजना घोटाला मामला

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम और 99 अन्य पर 6 मामलों में आरोप तय

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की दो अलग-अलग अदालतों ने अपदस्थ पीएम शेख हसीना और 99 अन्य के खिलाफ एक आवास परियोजना में जमीन आवंटन में अनियमितताओं के छह मामलों में आरोप तय किए। इन छह मामलों में से ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-4 के जज रबीउल आलम ने तीन मामलों में आरोप तय किए। अदालत ने इन मामलों में गवाही दर्ज करने के लिए 13 अगस्त की तारीख तय की और आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए। इसी तरह ढाका विशेष न्यायाधीश कोर्ट-5 के जज मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने भी तीन मामलों में आरोप तय किए। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के सरकारी वकील मीर अहमद अली सलाम के हवाले से बताया कि आयोग ने आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है और मामलों में गवाही दर्ज करने के लिए 11 अगस्त की तारीख तय की है। पिछले सप्ताह दोनों अदालतों ने राजुक पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना में आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की थी।



### भारत पर 25% टैरिफ यूनुस सरकार का तंज

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश पर 20% टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और मुख्य वार्ताकार डॉ. खलिलुर रहमान ने इस उपलब्धि को अपनी रणनीति की जीत बताया। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ व्यापक समझौता करने में असफल रहा, जिसके कारण उसे 25% टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है। यह बयान कूटनीतिक रूप से असंयमित माना जा रहा है।*

## राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री ने साइबर ठगी को लेकर किया बड़ा खुलासा

# 2024 में जनता की 22 हजार करोड़ से अधिक की गाढ़ी कमाई डूबी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में पिछले 5 साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, 2021 से 30 जून 2025 तक कुल 66 लाख से अधिक साइबर अपराध रिपोर्ट हुए हैं। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा में बताया है पिछले पांच साल में साइबर फ्रॉड के मामलों में करीब 900% की बढ़ोतरी हुई है। गृह मंत्रालय के तहत आई4सी की ओर से संचालित राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) और नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) के अनुसार, 2024 में पूरे देश में साइबर धोखाधड़ी के कारण नागरिकों को होने वाले नुकसान की कुल राशि 22,845.73 करोड़ रुपए थी। ये साल 2023 में सिर्फ 7,465.18 करोड़ रुपए थी।

**24 लाख लेयर 1 म्यूल खातों को पहचान कर 4631 करोड़ रुपए से अधिक बचाए**

**2021 से 30 जून 2025 तक कुल 66 लाख से अधिक साइबर अपराध रिपोर्ट हुए**



### 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड ब्लॉक

*साइबर अपराधियों के खिलाफ सरकार की ओर से की गई कार्रवाई का ब्योरा देते हुए गृह राज्य मंत्री संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, अब तक केंद्र सरकार की ओर से 9.42 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,63,348 आईएमईआई ब्लॉक किए जा चुके हैं।*

### 11 लाख से अधिक संदिग्ध खातों की पहचान की

*बैंकों और वित्तीय संस्थानों के सहयोग से आई4सी द्वारा 10 सितंबर, 2024 को साइबर अपराधियों की पहचान के लिए संदिग्ध रजिस्ट्री शुरू की गई थी। अब तक बैंकों से हासिल 11 लाख से अधिक संदिग्ध पहचानकर्ताओं के डाटा और 24 लाख लेयर 1 म्यूल खातों को संदिग्ध रजिस्ट्री की भागीदार संस्थाओं के साथ साझा किया गया है और इससे 4631 करोड़ रुपए से अधिक की बचत हुई है।*






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109